कार्तिक कृष्णा - 3 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 87 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 20-10-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

## प्रेरणा प्रतीक - चतुर्थ पुण्यस्मरण



समाज रत्न, दानवीर, भामाशाह

**सेठ साहब श्री केशरीमलजी बुरड़**

पूर्व राष्ट्रीय : अध्यक्ष एवं चेयरमैन विश्वस्थ मंडल, जैन कांफ्रेंस, नई दिल्ली

संस्थापक अध्यक्ष : श्री गुरु सौभाग्य मदन गौशाला, देवगढ़

स्वर्गवास : 14.10.2020

दानवीर, सरलमना, समाजसेवी

**सेठ साहब श्री सुजानमलजी बुरड़**

पूर्व अध्यक्ष : श्री मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल जैन संघ, बेंगलूरु

पूर्व अध्यक्ष : श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ, फ्रेजर टाउन, बेंगलूरु

स्वर्गवास : 20.10.2020

**सुपुत्र : स्व. श्रीमती गेहरीबाई - स्व. श्री हगामीलालजी बुरड़, देवगढ़**

कुछ लोग जिन्दगी में जिन्दगी ढूंढ पाते हैं, कुछ होते हैं जो खुल कर मुस्कुराते हैं।
उनकी आंखों की चमक हमारी जिन्दगी का नूर बन जाती है, चाहे जितना भी मिले, उनके साथ जिन्दगी भरपूर नजर आती है।
उनके किस्सों की गठरियों से खुशबू सुकुन की आती है, हर दबंग प्रसंग में दिलेरी और निर्भयता नजर आती है।
बच्चों से लगाव, शांत स्वभाव और सभी से सम्मान पाते हैं, तभी तो हर अपने और पराये के **बाऊसा/काकासा** कहलाते हैं।

हम सबके चहेते आदरणीय **बाऊसा/काकासा** हमेशा समाजसेवा के लिए तत्पर रहे और अपने मिलनसार व्यक्तित्व से हमारे मार्गदर्शक बने। उनके समावेशित नजरिये और प्रेरणा से समाज में कई महत्वपूर्ण कार्यों की नींव स्थापित हुई। ऐसे हमारे प्रेरणा प्रतीक **बाऊसा/काकोसा** के चतुर्थ पुण्यस्मरण पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**बुरड़ परिवार द्वारा आपके स्मरणार्थ श्री गुरु सौभाग्य मदन गौशाला देवगढ़ सहित वृद्धाश्रम और अनाथाश्रमों में कई सेवा के कार्यों में विशेष योगदान दिया जाएगा।**

आदरणीय बाऊसा और काकासा की विरासत को सम्मान देने एवं उनके द्वारा
प्रस्तुत आदर्शों, सिद्धांतों व विचारों को आत्मसात करने हेतू सदैव आपके चरणों में तत्पर आपके अपने


**श्रीमती शकुंतलादेवी, प्रकाश-आरती, आदिती, वैभव बुरड़**

**पुत्री-दामाद, सुपौत्र, सुपौत्री, दोहिता, दोहिती**

**एवं समस्त बुरड़ परिवार, बेंगलूरु-देवगढ़-उदयपुर**

**आनंद इंटरप्राइजेज,** बेंगलूरु

## सहज स्मृति योग




व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाट्स अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, यों तो आपने सबको उनके अपने गुरु को पहचानने के लिए अनेकों पहचानें सत्संग में बताई हैं, परंतु मैं सबकी नहीं, अपनी बात कर रहा हूँ। आप मेरी अवस्था जानते हैं इसलिए कोई ऐसी परिभाषा बताइए जिसे मैं व्यक्तिगत व्यवहार में परख सकूँ तथा मेरा आत्मविश्वास व भरोसा बढ़ता ही रहे।

**उत्तर:** गुरु सनातन शाश्वत पूर्णता भाव ही है जो किसी व्यक्ति-मानव-रूप में प्रकट होता है और, 'पूर्ण' सदैव अपने संपूर्ण अंगों के योग से 'कुछ' अधिक होता है। इसी तर्क से व्यवहार में गुरु वह व्यक्ति-मानव है जिसे धरती के सब मनुष्य एक साथ मिलकर भी अपूर्णता का अनुभव कराना चाहें तो भी नहीं करा पाते और, इस यथार्थ भाव का तर्क भी स्पष्ट है कि, जब गुरु, संपूर्ण सृष्टि को अपनी दृष्टि में अपने एक अंश की तरह देखने में समर्थ होते हैं तब अंश, पूर्ण को अपूर्णता का अनुभव कैसे करा सकता है? गुरु की पूर्णता का यही साक्षात् प्रमाण है। इसे आप परख, पहचान, दृष्टि, परिभाषा, निर्दिष्ठित और यथार्थ में से जो भी कहना चाहें कह लें इसे व्यवहार में परख सकते हैं। परखने से आपका अपना आत्मविश्वास बढ़ेगा और परखने पर सच पाने में गुरु में आपका भरोसा भी बढ़ेगा।आप सरीखे विद्वान और प्रखर पांडित्य वाले ज्ञानमार्गी बुद्धि-वादियों के लिए यह सुगम हृदयंगम योग्य उपाय है।

# दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता के लिए मौसम में बदलाव जिम्मेदार : गोपाल राय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि मौसम में बदलाव आने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई है और दिवाली के बाद प्रदूषण और बढ़ने की आशंका है।

राय ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा कि दिल्ली सरकार धूल के प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और इसमें लोगों को सहयोग करना होगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। यह 273 दर्ज की गई। कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रही। आंकड़ों के अनुसार, मुंडका और बवाना में एक्यूआई 366, वजीरपुर में 355, जहांगीरपुरी में 347 और आनंद विहार में 333 दर्ज किया गया जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बेहद खराब' तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। राय ने कहा कि मौसम में बदलाव होने के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में पहुंच गयी है तथा तापमान गिरने के कारण स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता और बदतर होने की आशंका है।

मंत्री ने कहा, ''ऐसी आपात स्थितियों के लिए हमने केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। तकरीबन 2.5 लाख निरीक्षण किए गए हैं और पूरे शहर में धूल रोधी अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है। जहां भी उल्लंघन पाए जा रहे हैं, जुर्माना लगाया जा रहा है।''

राय ने कहा कि धूल नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करते पाए गए लोगों पर अब तक कुल 17 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह अभियान और तेज किया जाएगा। उन्होंने सर्दियों के मौसम के मद्देनजर तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



# हैदराबाद में प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** शहर पुलिस ने एक मंदिर में मूर्ति को कथित तौर पर खंडित किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे विश्व हिन्दू परिषद (विहिप), बजरंग दल और अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए शनिवार को लाठीचार्ज किया।

महाराष्ट्र के इंजीनियरिंग स्नातक सलमान सलीम ठाकुर उर्फ सलमान ने 14 अक्टूबर को तड़के सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर के गर्भगृह में कथित रूप से प्रवेश किया और मंदिर की मुख्य मूर्ति को खंडित कर दिया, जिसके बाद स्थानीय लोगों, हिंदू संगठनों और भाजपा ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विहिप के प्रवक्ता रविनुथला शशिधर के अनुसार परिषद ने शनिवार को मंदिरों के प्रति तेलंगाना सरकार के ''रवैये'' के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और भगवा झंडे लेकर मंदिर के सामने एकत्र हुए। उन्होंने ''जय श्रीराम'' और ''हमें न्याय चाहिए'' जैसे नारे लगाए। वीडियो फुटेज में प्रदर्शनकारियों को पुलिस पर पानी के पैकेट फेंकते हुए देखा जा सकता है और लाठीचार्ज के बाद कई लोगों को मामूली चोटें आई हैं। शशिधर ने पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की निंदा की।

# छत्तीसगढ़ : बारूदी सुरंग में विस्फोट से आईटीबीपी के दो जवान शहीद, दो अन्य जवान घायल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नारायणपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिसमें भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवान शहीद हो गए और जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोडलियर गांव के निकट एक जंगल में यह विस्फोट हुआ, जिसमें आईटीबीपी की 53वीं बटालियन के दो जवान अमर पनवार (36) और के राजेश (36) शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में नारायणपुर जिला पुलिस के दो अन्य जवान घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर जिले के ओरछा, मोहंदी और ईरकभट्टी पुलिस शिविर से आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) और जिला रिजर्व गार्ड के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए धुरबेड़ा गांव की ओर रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि दल की वापसी के दौरान शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे एक बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ, जिसमें आईटीबीपी के दो जवान तथा जिला पुलिस के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना के कुछ देर बाद आईटीबीपी के घायल जवानों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस के घायल दो अन्य जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत स्थिर है। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईटीबीपी के जवानों को तैनात किया गया है। चार अक्टूबर को राज्य के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले की सीमा में अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 38 नक्सलियों को मार गिराया था।

# पन्नू की हत्या की साजिश रचने वाले विकास पिछले साल अपहरण के मामले में हुआ था गिरफ्तार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेरिका में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने में कथित भूमिका के लिए आरोपित विकास यादव को दिल्ली पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में अपहरण और जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने भारत सरकार के पूर्व अधिकारी यादव (39) को रोहिणी में रहने वाले एक व्यापारी को अगवा करने और जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिरौती मांगने के आरोप में 18 दिसंबर, 2023 को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि यादव को इस साल अप्रैल में जमानत पर रिहा किया गया था। विशेष प्रकोष्ठ की ओर से दायर प्राथमिकी के मुताबिक, यादव ने उक्त व्यापारी से कहा कि वह 11 दिसंबर, 2023 को दक्षिण दिल्ली में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के कार्यालय के पास उससे मिले और धमकी दी कि ऐसा न करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। प्राथमिकी में दावा किया गया है कि पीड़ित व्यापारी यादव के कहे अनुसार अपने एक दोस्त के साथ उससे मिलने पहुंचा। इस दौरान, यादव के साथ अब्दुल्ला नाम का एक व्यक्ति मौजूद था। इसमें आरोप लगाया है कि यादव और अब्दुल्ला ने व्यापारी को एक कार के अंदर खींचा तथा लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर उससे फिरौती की मांग की। प्राथमिकी के अनुसार, दोनों आरोपियों ने व्यापारी को कोरे चेक पर दस्तखत करने के लिए मजबूर किया और फिर उसे उसकी कार के पास छोड़ दिया।

# गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए मांगे थे 50 लाख रुपए : पुलिस

**मुंबई/भाषा।** बाबा सिद्दीकी हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने खुलासा किया है कि इस मामले में हाल में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों ने हत्या के लिए 50 लाख रुपए मांगे थे, लेकिन भुगतान को लेकर असहमति और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता के रसूख को देखते हुए उन्होंने हत्या को अंजाम देने से बाद में मना कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने (हाल में गिरफ्तार पांच आरोपियों ने) पूर्व विधायक सिद्दीकी की हत्या में शामिल लोगों को आवश्यक सामग्री और अन्य प्रकार की मदद दी थी। सिद्दीकी की हत्या मामले में शूटरों को हथियार और रसद सहायता उपलब्ध कराने के आरोप में शुक्रवार को पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस सनसनीखेज मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या अब नौ हो गई है, जबकि तीन लोग फरार हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितिन गौतम सप्रे (32), संभाजी किसान पारधी (44), प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे (37), चेतन दिलीप पारधी और राम फूलचंद कनौजिया (43) के रूप में की गई है। सप्रे डोंबिवली से हैं जबकि संभाजी किसान पारधी, थोम्ब्रे और चेतन दिलीप पारधी (27) ठाणे जिले के अंबरनाथ से हैं और कनौजिया रायगढ़ के पनवेल का रहने वाला है। अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान पता चला कि सप्रे के नेतृत्व वाले गिरोह ने राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए मध्यस्थ से 50 लाख रुपए की मांग की थी लेकिन सौदे पर असहमति के कारण यह बात नहीं बन पाई।'' उन्होंने कहा कि सप्रे को पता था कि सिद्दीकी एक प्रभावशाली नेता हैं, इसलिए उन्हें मारना उसके गिरोह के लिए बड़ी समस्या पैदा कर सकता था, इसलिए, इन आरोपियों ने आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा, लेकिन आरोपी व्यक्तियों ने नए शूटरों को आवश्यक सामग्री देने और अन्य सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया।



# टीएसपीएससी समूह-1 के अभ्यर्थियों के समर्थन में धरना देने पर केंद्रीय मंत्री हिरासत में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बी संजय कुमार को हैदराबाद के अशोक नगर में टीएसपीएससी समूह-1 के उन अभ्यर्थियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए धरना देने के वास्ते हिरासत में ले लिया गया, जो मुख्य परीक्षा स्थगित करने की मांग कर रहे हैं।

कुमार ने सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले कोचिंग संस्थानों के केंद्र अशोक नगर में अभ्यर्थियों से मुलाकात के बाद 'चलो सचिवालय' मार्च निकाला। कांग्रेस सरकार के खिलाफ अभ्यर्थियों की नारेबाजी के बीच कुमार धरने पर बैठ गए। इस दौरान, अभ्यर्थियों ने केंद्रीय मंत्री से अपनी शिकायतें साझा कीं। कुमार ने बाद में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मिलने और उन्हें छात्रों की चिंताओं से अवगत कराने के लिए सैकड़ों अभ्यर्थियों के साथ 'चलो सचिवालय' मार्च निकाला। हालांकि, कुमार को पुलिस ने रोक लिया, जिसके बाद उन्होंने एक वाहन के ऊपर खड़े होकर अभ्यर्थियों को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री को पुलिस वाहन में बैठाकर वहां से ले जाया गया। बाद में उन्होंने सचिवालय के बाहर आंबेडकर प्रतिमा के पास धरना दिया।

# जीओएम ने पानी की बोतल, साइकिल पर जीएसटी घटाने का फैसला किया, जूते, घड़ी हो सकते हैं महंगे

**नई दिल्ली/भाषा।** जीएसटी दर युक्तिकरण पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) ने शनिवार को 20 लीटर की पानी की बोतल, साइकिल और अभ्यास नोटबुक पर कर की दर घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया।

एक अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा जीओएम ने महंगी कलाई घड़ियों और जूतों पर कर बढ़ाने का सुझाव दिया। अधिकारी ने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाली जीएसटी दर युक्तिकरण पर गठित जीओएम के इस फैसले से 22,000 करोड़ रुपए का राजस्व लाभ होगा। जीओएम ने 20 लीटर और उससे अधिक मात्रा की पानी की बोतलों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का सुझाव दिया। इसके अलावा अभ्यास नोटबुक पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर



पांच प्रतिशत करने की सिफारिश भी की गई। इसी तरह 10,000 रुपए से कम कीमत वाली साइकिल पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का सुझाव है। इन सिफारिशों पर अंतिम फैसला जीएसटी परिषद करेगी। जीओएम ने 15,000 रुपए से अधिक कीमत वाले जूतों और 25,000 रुपए से अधिक कीमत वाली कलाई घड़ियों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का भी सुझाव दिया।

# सेमीकंडक्टर तेजी के बीच एनालॉग डिवाइसेज के लिए भारत प्रमुख आरएंडडी केंद्र: कंपनी

**नई दिल्ली/भाषा।** वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी एनालॉग डिवाइसेज (एडीआई) भारत को अपने प्रमुख शोध एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र के रूप में देखती है। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वह देश को न केवल इंजीनियरिंग प्रतिभा के लिए, बल्कि एक उभरते बाजार अवसर के रूप में भी मान्यता देते हैं। एनालॉग डिवाइसेज का बेंगलूरु स्थित आरएंडडी केंद्र वैश्विक रूप से सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। एनालॉग डिवाइसेज इंडिया के भारत में प्रमुख एवं वरिष्ठ निदेशक श्रीनिवास प्रसाद ने पीटीआई-भाषा कहा, ''हम भारत को एनालॉग डिवाइस के लिए प्रमुख रणनीतिक आरएंडडी स्थलों में से एक के रूप में देख रहे हैं, और बेंगलूरु वैश्विक स्तर पर हमारे सबसे बड़े आरएंडडी केंद्रों में से एक है।'' उन्होंने आगे कहा, ''मुझे लगता है कि एनालॉग डिवाइस में बनने वाली लगभग हर चिप में, एडीआई इंडिया ने किसी न किसी तरह से भूमिका निभाई होगी।'' भारत में सेमीकंडक्टर के अवसर के बारे में प्रसाद ने कहा कि कंपनी इंजीनियरिंग प्रतिभा में भारी निवेश जारी रखने की योजना बना रही है।

# चुनाव से कोई देश लोकतांत्रिक नहीं बनता, लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए : सोनम वांगचुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली में पिछले 14 दिन से अनशन कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कहा कि केवल चुनावों से ही कोई देश लोकतांत्रिक नहीं बन जाता बल्कि यह तभी हो सकता है जब लोगों की आवाज सुनी जाए।

लेह से दिल्ली तक की पदयात्रा का नेतृत्व करने वाले वांगचुक को पिछले महीने उनके कई समर्थकों के साथ हिरासत में लिया गया था और बाद में रिहा कर दिया गया था। वह तब से देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की मांग को लेकर



अपने करीब दो दर्जन समर्थकों के साथ यहां लद्दाख भवन में अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

सरकार की ओर से अब तक किसी भी बैठक के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई है। छह अक्टूबर से सिर्फ नमक का पानी घोल पीकर अनशन कर रहे वांगचुक ने अफसोस जताते हुए कहा कि उनके समर्थकों को भवन के चारों ओर अवरोधक लगाकर उनसे मिलने से रोका जा रहा है। कई दिन के उपवास के बाद शारीरिक रूप से कमजोर हो चुके वांगचुक ने मद्धिम आवाज में बात की। वांगचुक ने कहा, जैसा कि आप देख सकते हैं, यहां (लद्दाख भवन में) पाबंदियां हैं। वे तय कर रहे हैं कौन अंदर आ सकता है और कौन नहीं। वे लोगों को यहां पार्क में इकट्ठा होने की अनुमति नहीं दे रहे। शायद हमें मिल रहे समर्थन से कुछ डर है। वे उन लोगों से डरते हैं जो चुपचाप अनशन करना चाहते हैं।

वांगचुक ने कहा कि दिल्ली आने के बाद से उनके साथ जो कुछ हुआ, उसे लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र के लिए दुखद है। देश के एक छोर से, सीमावर्ती इलाकों से लोग राष्ट्रीय राजधानी में आए... 150 लोग, जिनमें 80 से अधिक उम्र के लोग, महिलाएं और भारत की सीमाओं की रक्षा करने वाले सेवानिवृत्त सैनिक शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ : संदिग्ध नक्सलियों ने कांग्रेस के स्थानीय नेता की हत्या की

**बीजापुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने कांग्रेस के एक स्थानीय नेता और पूर्व उपसरपंच की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उसूर गांव में संदिग्ध नक्सलियों ने तिरुपति भंडारी (35) की धारदार हथियार से हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि शनिवार अपराह्न लगभग तीन बजकर 45 मिनट पर कुछ हथियारबंद लोग उसूर गांव पहुंचे और वहां सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान में चावल बांटने के दौरान तिरुपति भंडारी की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। भंडारी मारुड़बाका गांव के रहने वाले थे तथा वर्तमान में बीजापुर में रह रहे थे।

# दिल्ली: बेघर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को बताया कि रोहिणी के अमन विहार इलाके में कुछ लोगों ने 30-वर्षीय एक बेघर व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना बाहरी दिल्ली के करण विहार इलाके में सुबह चार बजे हुई। पीड़ित संदीप ऊर्फ भूरा उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर का रहने वाला था। पुलिस के बयान के अनुसार, संदीप तड़के चोरी करने के इरादे से एक घर में घुसा, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। इसमें कहा है कि पिटाई के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौत के सिलसिले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है।

# जम्मू और कश्मीर दोनों संभागों के लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटाना चाहता हूं : उमर अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार विधानसभा चुनाव में देखे गए मतदान पैटर्न पर नहीं चलेगी क्योंकि वह केंद्र शासित प्रदेश के दोनों संभागों के लोगों के चेहरों पर ''गायब मुस्कान'' वापस देखना चाहते हैं।

बुधवार को श्रीनगर में नई सरकार का कार्यभार संभालने वाले अब्दुल्ला का शीतकालीन राजधानी स्थित नेशनल कॉन्फ्रेंस मुख्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा चुनाव में जम्मू संभाग में भारी जीत हासिल कर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। हाल में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम आठ अक्टूबर को घोषित किए गए। भाजपा ने केंद्रशासित प्रदेश की 90 सीट में से 29 सीट जीतीं और 25.64 प्रतिशत वोट हासिल किए। मुख्यमंत्री बनने के बाद अब्दुल्ला का यह पहला जम्मू दौरा है। उनकी पार्टी ने 42 सीट जीतीं और 23.43 प्रतिशत वोट हासिल



किए। इसकी गठबंधन सहयोगी कांग्रेस ने छह सीट और माकपा ने एक सीट जीती। अब्दुल्ला ने खचाखच भरी सभा में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, ''जब चुनाव के नतीजे आए तो कुछ लोगों ने अफवाह फैलाना शुरू कर दिया कि जम्मू को इसलिए सजा मिलेगी क्योंकि उसने नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट नहीं दिया। लेकिन मैं पहले दिन ही साफ कर देता हूं कि यह सरकार सबके लिए होगी, चाहे किसी ने वोट दिया हो या नहीं।'' उन्होंने कहा कि दोनों क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने के लिए मुफ्ती मोहम्मद सईद, गुलाम नबी आजाद और उनकी अगुवाई वाली पिछली गठबंधन सरकारों की तरह नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने की कोई बाध्यता नहीं थी। अब्दुल्ला ने कहा, ''कांग्रेस ने अब तक नई मंत्रिपरिषद में शामिल होने का कोई निर्णय नहीं लिया है। हमने निर्णय लिया और अपनी पार्टी से एक उपमुख्यमंत्री (सुरिंदर चौधरी) नियुक्त किया।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह उन लोगों को जवाब है जो चुनाव प्रचार के दौरान कह रहे थे कि नेशनल कॉन्फ्रेंस मुसलमानों की पार्टी है और कश्मीर आधारित वंशवादी पार्टी है जो जम्मू के नेताओं को बर्दाश्त नहीं कर सकती। अब हमारे पास एक उपमुख्यमंत्री है जो हिंदू है और उसका मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं है।''

भाजपा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि परिसीमन और आरक्षण एक पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया, लेकिन ''सरकारी मशीनरी के इस्तेमाल सहित सभी हथकंडे कभी भी आपको चुनाव जीतने में मदद नहीं कर सकते।'' उन्होंने कहा, ''आसान काम तो यहां तक पहुंचकर (सरकार बनाकर) हो जाता है। अब मुश्किल काम शुरू होता है क्योंकि हमें लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना है, उन्हें कठिनाइयों से निकालना है और सरकार तथा लोगों के बीच की खाई को पाटना है।''

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
FLATS FOR SALE
DNR HIGHLINE
@ OKALIPURAM
near LULU Mall
Rajajinagar
Centre of the City
3 & 4 Bedroom
FLATS with 7 Star
Luxurious Amenities
Only Few Flats
available for Sale
Contact : 9844027560

# आरएसएस नेता हत्याकांड : एनआईए ने 17 पीएफआई सदस्यों की जमानत को शीर्ष अदालत में चुनौती दी

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल उच्च न्यायालय के उस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, जिसके तहत 2002 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता श्रीनिवासन की हत्या के मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 17 सदस्यों को जमानत दी गई थी।

एनआईए की तरफ से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एश्वर्या भट्टी ने न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह को बताया कि जांच एजेंसी ने मामले में 17 अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की हैं। भट्टी ने पीठ को सूचित किया कि केरल उच्च न्यायालय ने 25 जून के अपने आदेश में 17 आरोपियों को जमानत दे दी थी और नौ अन्य की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। उन्होंने शुक्रवार को पीठ से आग्रह किया, हमने 17 अलग-अलग विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की हैं। यह अदालत सभी एसएलपी पर एक साथ विचार कर सकती है। आरोपी सद्दाम हुसैन एमके की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ से सभी मामलों को एक साथ सूचीबद्ध करने की अनुमति ले। केरल उच्च न्यायालय ने सद्दाम की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

कार्तिक कृष्ण - 3 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 87 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | बेंगलूरु » रविवार » 20-10-2024 | www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com




# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित




5 भाजपा संविधान पर 'हमला' कर रही है : राहुल गांधी | 6 सुहागिनों का सबसे बड़ा त्योहार है करवा चौथ | 7 'भूल भुलैया 3' में 'मंजुलिका' बनीं माधुरी दीक्षित

## नवीनतम तकनीकी विकास से खुद को अद्यतन रखने की जरूरत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि लोक सेवकों को नवीनतम प्रौद्योगिकीय विकास के साथ खुद को अद्यतन रखने की आवश्यकता है ताकि बढ़ते मानकों को पूरा किया जा सके। उन्होंने नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर भी जोर दिया।



मोदी ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, नए विचार प्राप्त करने के लिए स्टार्टअप, शोध एजेंसियों और युवाओं से मदद लेने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ, सूचना तैयार करना भी समान रूप से आसान हो रहा है, जिससे नागरिकों को जानकारी मिल रही है और उन्हें सरकार की सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सशक्त बनाया जा रहा है।

मोदी ने यहां डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' -- राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह -- की शुरुआत करने के बाद कहा, ''लोक सेवकों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अद्यतन रखने की जरूरत है ताकि वे बढ़ते मानकों को पूरा कर सकें, जिसमें मिशन कर्मयोगी मददगार साबित हो सकता है।''

लोक सेवकों की क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सितंबर 2020 में राष्ट्रीय लोक सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम या मिशन कर्मयोगी की शुरुआत की गई थी। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार पर आधारित लोक सेवा की भी कल्पना की गई है।

मोदी ने नवोन्मेषी सोच और नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विभागों से फीडबैक तंत्र की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया।

आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एक अवसर के रूप में देखती है, वहीं ''भारत के लिए यह एक चुनौती और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है।'' उन्होंने दो एआई के बारे में बात की, एक 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' और दूसरा 'एस्पिरेशनल इंडिया' (आकांक्षी भारत)। प्रधानमंत्री ने दोनों के बीच संतुलन के महत्व पर जोर दिया और कहा कि अगर हम आकांक्षी भारत की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सफलतापूर्वक उपयोग करते हैं, तो इससे परिवर्तनकारी बदलाव हो सकते हैं।



## झारखंड के लिए भाजपा के 66 उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड विधानसभा के चुनाव के लिए 66 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की आज घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां झारखंड के भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को धनवार सीट से टिकट दिया गया है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला से और श्रीमती सीता सोरेन को जामताड़ा से टिकट दिया गया है। पहली सूची के 66 उम्मीदवारों में से 12 महिलाओं को टिकट दिया गया है।

## 30 से अधिक उड़ानों में बम होने की धमकी मिली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/मुंबई/भाषा।** भारत की विभिन्न विमानन कंपनियों की 30 से अधिक उड़ानों में शनिवार को बम होने की धमकी मिली। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 30 से अधिक घरेलू और विदेशी उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। उन्होंने बताया कि एक उड़ान के शौचालय में एक नोट मिला, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी हुई थी।

इस हफ्ते अब तक भारतीय विमानन कंपनियों की कम से कम 70 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली है। हालांकि, ये सभी धमकियां बाद में अफवाह निकलीं।

विस्तारा ने शनिवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर संचालित उसकी पांच उड़ानों में सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिनमें यूके106 (सिंगापुर से मुंबई), यूके027 (मुंबई से फ्रैंकफर्ट), यूके107 (मुंबई से सिंगापुर), यूके121 (दिल्ली से बैंकॉक) और यूके131 (मुंबई से कोलंबो) शामिल हैं।

कंपनी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, प्रोटोकॉल पर अमल करते हुए सभी संबंधित प्राधिकारियों को तुरंत सतर्क किया गया। प्राधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

### फर्स्ट टेक

## श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

**कोलंबो/भाषा।** श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। यहां भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। शुक्रवार को यहां भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा, 17 भारतीय मछुआरों को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है।

## प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करेंगे नेमार

**साओ पाउलो/एपी।** चोटिल होने के कारण एक साल तक बाहर रहने के बाद ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर नेमार प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने के लिए तैयार हैं तथा वह अगले सप्ताह एएफसी चैंपियंस लीग एलीट मैच में सऊदी अरब क्लब अल हिलाल की तरफ से खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। नेमार की मार्केटिंग कंपनी एनआर स्पोर्ट्स ने शनिवार को बयान में कहा कि ब्राजील के इस खिलाड़ी का फुटबॉल के प्रति प्यार और अगले विश्व कप में खेलने की दृढ़ इच्छा ने उन्हें वापसी करने के लिए प्रेरित किया।

## अमरावती में राजधानी का काम फिर से शुरू



**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को यहां राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) परियोजना का काम फिर से शुरू कर दिया। राजधानी क्षेत्र के रायापुडी गांव में पांच साल के अंतराल के बाद काम फिर से शुरू किया गया। पूर्ववर्ती युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार ने नायडू की इस परियोजना को रोक दिया था। बाद में, रायापुडी गांव में सीआरडीए कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरावती राजधानी शहर परियोजना की लागत पिछले पांच वर्षों में 7,000 करोड़ रुपये बढ़कर 52,000 करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2019 के बीच राजधानी शहर के 55 कार्यों के लिए 42,519 करोड़ रुपये की निविदाएं आमंत्रित की गई थीं।

### यात्रा



अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की अपनी यात्रा पूरी करने तथा भारत-अफ्रीका संबंधों में नये मानक कायम करने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को स्वदेश के लिए रवाना हुईं। यह एक भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। मुर्मू ने अपनी मलावी यात्रा के दौरान अपने मलावी समकक्ष लाजारस मैकार्थी चकवेरा के साथ कृषि, खनन, पर्यटन और ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के तौर-तरीकों पर 'सार्थक' चर्चा की।

## 2028 से पहले कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनूंगा : कुमारस्वामी

**मांड्या (कर्नाटक)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने शनिवार को यह कहते हुये दावा किया कि वह कोई भविष्यवक्ता नहीं हैं लेकिन 2028 से पहले वह एक बार फिर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनेंगे। कुमारस्वामी ने कांग्रेस पार्टी के भीतर असंतोष के कारण प्रदेश सरकार के गिरने की भी भविष्यवाणी की। इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह निश्चित है कि यह सरकार 2028 तक नहीं चलेगी। मुझे विश्वास है, कि लोग मुझे एक और मौका देंगे और मैं फिर से मुख्यमंत्री बनूंगा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री बनने का अवसर 2028 से पहले आएगा।



## आने वाले समय में भारत की सड़कें अमेरिका से बेहतर होंगी : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि आने वाले समय में भारत की सड़कें अमेरिका से बेहतर होंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे माल ढुलाई की लागत को कम कर अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। गडकरी ने सड़कों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने वाले सलाहकारों पर भी निशाना साधा और कहा कि वे घर बैठे ही यह दस्तावेज तैयार करते हैं।




केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री भोपाल में 'सड़क एवं पुल निर्माण में उभरती नई प्रौद्योगिकी' विषय पर दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा कि आने वाले समय में भारतीय सड़क अवसंरचना अमेरिका से भी बेहतर होगी। उन्होंने सेमिनार में भाग लेने वालों से कहा कि वे यह बदलाव ला सकते हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत में 63 लाख किलोमीटर लंबी सड़कों के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है।

गडकरी ने देश की सड़कों पर होने वाली मौतों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों और इंजीनियरों सहित लगभग 1.78 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं, जो किसी युद्ध के दौरान मारे जाने वाले लोगों से कहीं अधिक है।


केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन दुर्घटनाओं से देश की जीडीपी को तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि लोगों को सामाजिक रूप से जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार होने की जरूरत है क्योंकि यह मनुष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज है।

## ब्रिक्स मुद्रा एक दीर्घकालिक संभावना, अभी समय नहीं आया : पुतिन

**रूस अगले सप्ताह 16वें वार्षिक ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी भी इसमें भाग लेंगे।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मास्को/भाषा।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स की साझा मुद्रा के लिए अभी समय नहीं आया है। हालांकि उन्होंने कहा कि 10 देशों का यह समूह आपसी व्यापार और निवेश में डिजिटल मुद्राओं के उपयोग की संभावना तलाश रहा है और इसके लिए उनका देश भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर इस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने ब्रिक्स सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं के ताने-बाने और स्वरूप में अंतर के कारण नई आरक्षित मुद्रा बनाने में सतर्क रुख अपनाने की वकालत की।



पुतिन ने कहा कि इन देशों को राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग, नए वित्तीय साधनों और स्विफ्ट के अनुरूप एक व्यवस्था के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए।

पुतिन ने मॉस्को से करीब 50 किलोमीटर दूर नोवो-ओगारियोवो में अपने आधिकारिक आवास पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में ब्रिक्स सदस्य देशों के वरिष्ठ संपादकों से कहा, ''इस समय यह (ब्रिक्स मुद्रा) एक दीर्घकालिक संभावना है। इस पर विचार नहीं किया जा रहा है। ब्रिक्स सतर्क रहेगा और उत्तरोत्तर काम करेगा।

## न्यायालय की जनता की अदालत की भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिए : सीजेआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पणजी/भाषा।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय की जनता की अदालत की भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिए लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि वह संसद में विपक्ष की भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करना उचित है, लेकिन परिणामों के परिप्रेक्ष्य से उसकी भूमिका या कार्य को नहीं देखा जा सकता।



प्रधान न्यायाधीश दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) के आयोजित पहले सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''उच्चत न्यायालय की न्याय तक पहुंच का प्रतिमान पिछले 75 वर्षों में विकसित हुआ है और कुछ ऐसा है जिसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।'' न्यायामूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अब, जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो उच्चतम न्यायालय एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है।

| 20-10-2024 | 21-10-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:58 बजे | सूर्योदय 6:10 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,224.75 | 24,863.40 |
| (+218.14) | (+113.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,953 रु. | 92,585 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**ये क्या हो रहा है**

हत्यारों का महिमा मण्डन,
सोचो ये कितना अज़ब दौर है।
सिर्फ सियासत पर ही चर्चा,
खुदगर्जों का ग़ज़ब शोर है।
कानूनों का खुला उल्लघंन,
गुण्डों का हर ओर जोर है।
बोले वो तो साहुकार है,
चुप रह जाए वही चोर है।।

## इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के आवास को ड्रोन ने निशाना बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**यरूशलम/एपी।** इजराइल सरकार ने कहा कि शनिवार को एक ड्रोन ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास को निशाना बनाया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

इस बीच, पिछले वर्ष सात अक्टूबर के घातक हमले के मास्टरमाइंड के मारे जाने के बाद लेबनान में हिज्बुल्ला और गाजा में हमास के साथ इजराइल की लड़ाई में विराम का कोई संकेत नहीं दिखा।

इजराइल सरकार ने कहा कि लेबनान की ओर से रॉकेट दागे जाने के मद्देनजर शनिवार सुबह इजराइल में सायरन बज उठा और इसके साथ ही प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सैसरिया स्थित आवास की ओर ड्रोन से हमला किया गया।



**■ प्रधानमंत्री आवास पर जिस समय यह हमला किया गया तब न तो नेतन्याहू और न ही उनकी पत्नी वहां मौजूद थीं। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।**

प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर जिस समय यह हमला किया गया तब न तो नेतन्याहू और न ही उनकी पत्नी वहां मौजूद थीं। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

हिज्बुल्ला ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी नहीं ली, लेकिन कहा कि उसने उत्तरी और मध्य इजरायल पर कई रॉकेट हमले किए। यह हमला ऐसे समय हुआ जब इस महीने की शुरुआत में ईरान द्वारा किए गए हमले का इजराइल की ओर से जवाब देने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है। इस बीच, इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियेह पर कम से कम तीन हवाई हमले किए, जहां हिज्बुल्ला के कार्यालय हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, गाजा में इजराइली सेना ने फलस्तीनी क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में अस्पतालों को निशाना बनाया, और हमलों में 24 घंटे से भी कम समय में बच्चों सहित 50 से अधिक लोग मारे गए।

## ईरान ने सिनवार की लड़ते-लड़ते मौत होने का दावा किया, इजराइल ने कहा- डरकर भागते समय मारा गया

**यरूशलम/एपी।** इजराइल ने हमास के नेता याहया सिनवार की मौत का दावा करने के बाद एक वीडियो फुटेज जारी किया है, जिसमें वह कथित तौर पर फलस्तीन में बम गिरने से तबाह हुए एक मकान में घायल अवस्था में बैठा हुआ दिख रहा है जबकि एक ड्रोन उसकी वीडियो बना रहा है। कहा जा रहा है कि यह वीडियो सिनवार की मौत से कुछ देर पहले का है।

इजराइल के लिए यह एक जीत की तरह है, जिसका मानना है कि सात अक्टूबर के हमले का मुख्य योजनाकार सिनवार वीडियो में घायल और बेबस दिखाई दे रहा है। लेकिन कई अरब और मुस्लिम बहुल देशों के लोगों को इस धूलभरी धुंधली वीडियो में एक ऐसा बहादुर व्यक्ति दिखाई दे रहा है, जो अंत तक लड़ते-लड़ते शहीद हो गया।



सिनवार की मौत के तीन दिन बाद इजराइल की सेना ने दक्षिणी गाजा में पर्चे छोड़े। इन पर्चों में सिनवार की एक और तस्वीर दिखायी गयी, जिसमें वह कथित तौर पर एक कुर्सी पर मृत पड़ा था, उसकी उंगली कटी हुई थी और सिर से रक्तस्राव हो रहा था।

पर्चे में लिखा था, सिनवार ने आपकी जिंदगी बर्बाद कर दी। वह एक अंधेरी जगह में छिप गया और डरकर भागते समय मारा गया।



# शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग से सुनिश्चित होगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सीकर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होना बताते हुए शैक्षणिक संस्थानों एवं उद्योग जगत में आसीन लोगों से सेमिनार आयोजित कर युवाओं को जागरूक करने का आह्वान किया और कहा है कि आज युवाओं के बीच लगातार बढ़ते अवसरों को लेकर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। धनखड़ शनिवार को यहां शोभासारिया शैक्षिक समूह के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के व्यावसायीकरण ने इसकी गुणवत्ता को प्रभावित किया है ऐसे में शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग से इसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं था, यह त्याग और दान का एक माध्यम था, जिसका उद्देश्य समाज की मदद करना था लेकिन हम देखते हैं कि इसको फायदे के लिए बेचा जा रहा है। कुछ मामलों में तो यह जबरन वसूली का रूप ले रहा है। धनखड़ ने कहा समय आ गया है कि हमें अपने टियर 2 और टियर 3 शहरों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, पारिस्थितिकी तंत्र और समग्र विकास के लिए छात्रों के लिए स्थानीय लाभ मौजूद है। उन्होंने कहा हमारा संकल्प होना चाहिए कि जब भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बने तो हम विश्व की महाज्ञान शक्ति बनें।

उन्होंने व्यापार, उद्योग, वाणिज्य और व्यवसाय जगत में लोगों से अपील करते हुए उन्हे संस्थानों के विकास में उदारतापूर्वक योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा शिक्षा में कोई भी निवेश हमारे भविष्य, हमारे आर्थिक उत्थान में, शांति और स्थिरता में निवेश है। धनखड़ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक नई बीमारी और है – विदेश जाने की, विदेश में पढ़ाई करने की। बच्चा लालायित होकर जाना चाहता है, उसको नया सपना दिखता है, उसको लगता है कि वहां जाते ही स्वर्ग मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक अंधाधुन्ध रास्ता है जिसमें देश का युवा विज्ञापनों से प्रभावित होकर फैसले ले लेता है। उन्होंने कहा कि उसका यह फैसला देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर एक गहरी चोट है।

उपराष्ट्रपति ने कहा आज के दिन टेक्नोलॉजी हमारे बीच आ गई है। हम इसका उतना उपयोग नहीं कर पा रहे हैं जितना होना चाहिए। हमारे अध्यापक और अध्यापिकाओं में यह प्रतिभा है किन्तु हम भौतिक बाधाओं से घिरे हुए हैं। हमें शिक्षा के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए जिससे हमारे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में काफी मदद मिलेगी।

उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा एक जमाना था हमारे भारत में तक्षशिला, नालंदा, मिथिला, वल्लभी, विक्रमशिला ऐसी अनेक संस्थाएं थी जो पूरे भारत में छाई हुई थी। दलाई लामा जी ने कहा कि जो भी बुद्ध का ज्ञान है वह सब नालंदा से निकला किन्तु बख्तियार खिलजी ने अपनी घनघोर कट्टरता के कारण नालंदा में स्थित शिक्षा के उस महान केंद्र को नष्ट कर दिया।

उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के तहत भारतीय संस्थानों को व्यवस्थित रूप से नष्ट कर दिया गया किन्तु महापुरुष स्वामी विवेकानंद ने अपने प्रयासों से उसे पुनर्जीवित किया। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की अहम भूमिका को उल्लेखित करते हुए धनखड़ ने कहा आज भारत का विश्व में बहुत महत्व है। आज, भारत की आवाज़ वैश्विक स्तर पर पहले से कहीं अधिक बुलंद है। ऐसी स्थिति में, हर व्यक्ति को यह धारणा और निष्ठा रखनी चाहिए कि हमें अपने राष्ट्र पर विश्वास करना है।

हर परिस्थिति में, हमें राष्ट्र को पहले रखना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि राजनीतिक, व्यक्तिगत या आर्थिक हितों को राष्ट्र के ऊपर नहीं रखना चाहिए तथा यह हमारा दायित्व है कि हम राष्ट्रविरोधी शक्तियों को निष्क्रिय करें।

## गुरुकुल शिक्षा ही औषधि है: आचार्य देवव्रत

जयपुर। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा है कि आज सभी माता-पिता अपनी सन्तानों की मोबाइल एवं टीवी के प्रति आसक्ति से त्रस्त हैं, से में गुरुकुल शिक्षा ही औषधि है। अजमेर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवव्रत ने कहा कि आज इस देश में ऐसा वातावरण है कि मां-बाप बच्चों से दुखी हैं क्योंकि मोबाइल और टीवी के सामने से बच्चा नहीं हटता, ऐसे में मां-बाप मोबाइल छीन लेते हैं तो बच्चा उनका दुश्मन हो जाता है। उन्होंने कहा कि वैदिक गुरुकुलों में ही पवित्र ज्ञान एवं पवित्र आचरण से युक्त शिक्षा-व्यवस्था है, अतः हम सभी अपनी संतानों को गुरुकुल शिक्षा दिलाएं एवं समाज का कल्याण करें। उन्होंने कहा कि वेद ज्ञान से ही मानव की सर्वांगीण उन्नति सम्भव है।

## गाने सुनने के लिए पिता ने ले लिया फोन तो बौखला गया बेटा, कुल्हाड़ी से काट डाला

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक पिता ने अपने 21 साल के बेटे को एक मोबाइल फोन गिफ्ट किया लेकिन उन्होंने यह कभी नहीं सोचा होगा कि यही मोबाइल फोन एक दिन उनकी जान के लिए खतरा पैदा कर देगा। पिता का नाम मांगीलाल है जिन्होंने अपने 21 साल के बेटे राकेश को एक मोबाइल फोन गिफ्ट किया। लेकिन जब उन्होंने कुछ देर के लिए इस मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर लिया तो उनके बेटे को बर्दाश्त नहीं हुआ और गुस्से में आकर उसने पिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर राकेश घटना के बाद से फरार है और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

मांगीलाल ने अपने बेटे का फोन गाने सुनने के लिए इस्तेमाल किया था। जब वह खेत में काम कर मे के लिए गए तो उसका फोन भी ले गए ताकी गाने सुन सकें।

# सरिस्का में 32 प्रजाति के हैं शिकारी पक्षी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के बाघ अभयारण्य सरिस्का में शिकारी पक्षियों की कुल 32 प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें गिद्धों की संख्या सर्वाधिक है। यह खुलासा विश्व प्रकृति निधि भारत (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया) की जयपुर में हुई वर्कशॉप के दौरान हुआ। सरिस्का प्रशासन ने इसके अध्ययन के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम को अनुसंधान के लिए बुलाया है। कार्यशाला में बताया गया कि 32 प्रजाति सरिस्का में पाए जाने के बाद सरिस्का जहां बाघ का बड़ा घर बनता जा रहा है, वही अब गिद्धों सहित अन्य शिकारी पक्षियों का भी एक वन क्षेत्र बन जाएगा। सरिस्का में गत पांच वर्षों में गिद्धों की आबादी भी बढ़ी है।

कार्यशाला में बताया कि मांसाहारी पक्षियों की पहली पसंद अब अलवर का सरिस्का बनता जा रहा है। अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभ्यारणय में राजस्थान के सर्वाधिक प्रजाति के शिकारी पक्षी पाए जाते हैं। जिनमें गिद्धों की संख्या सबसे ज्यादा है। राजस्थान में वर्तमान में 52 प्रजाति शिकारी पक्षियों की हैं जिनमें से 32 प्रजाति तो अकेले सरिस्का में ही पाई जाती हैं।

सम्पूर्ण देश में इनकी 107 प्रजातियाँ दर्ज की गई हैं। राजस्थान शिकारी पक्षियों के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। सरिस्का बाघ अभयारण्य जो मुख्य रूप से बाघों के लिए विख्यात है, इन शिकारी पक्षियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण आवास स्थल है। सरिस्का बाघ परियोजना के क्रास्का, हवामहल, गरबाजी झरना एवं नलदेश्वर में शिकारी पक्षियों को देखा जा सकता है।

सरिस्का के पांडुपोल काली पहाड़ी के पास देवरा चौकी टहल में मानसरोवर और बंद के आसपास लंबी चोंच वाले गिद्ध सबसे ज्यादा पाए जाते हैं। राजस्थान की गिद्धों की सात प्रजातियों में से पांच सरिस्का में मौजूद हैं। गत दिनों जयपुर में हुई कार्यशाला में बताया गया कि पारिस्थितिकीय तंत्र के स्वास्थ्य और संतुलन को बनाये रखने में शिकारी पक्षी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बड़े मांसाहारी, मुर्दाखोर और पर्यावरणीय कल्याण के प्रमुख संकेतक के रूप में वे जैव विविधता संरक्षण एवं पारिस्थितिकीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्राकृतिक प्रणालियों के संतुलन को सुनिश्चित करने के लिए उनकी सुरक्षा आवश्यक है, जिससे वन्य जीव और मानव आबादी दोनो को लाभ होता है।

भारत में शिकारी पक्षी काफी संख्या में हैं। गत 15 अक्टूबर 2024 को डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया द्वारा जयपुर में शिकारी पक्षियों के संरक्षण के लिये एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। कार्यशाला में इनके संरक्षण, उनके पारिस्थितिकीय महत्व के लिये सरिस्का में अध्ययन किये जाने के लिये डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया से अनुरोध किया गया।

उधर सरिस्का में सात समुंदर पार के भी पक्षी आते हैं। कई प्रजाति के देसी विदेशी प्रवासी पक्षी भी सरिस्का आते हैं। जिनमें हिमालय दक्षिण अफ्रीका मंगोलिया सहित कई देश के पक्षी शामिल हैं जो मुख्य रूप से सर्दी के ऋतु में सरिस्का में अपना डेरा जमाते हैं।

# योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर नवाचार और आवश्यक सुधार की कार्यवाही होती रहेगी : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शासन सचिव पशुपालन विभाग डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को टोंक रोड स्थित राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के सभागार में अनुभव आदान प्रदान के लिए बैठक का आयोजन हुआ। पशुपालन और डेयरी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं के मूल्यांकन हेतु आए राष्ट्रीय दल के सदस्यों ने इस अवसर पर क्षेत्र भ्रमण के अपने अनुभव साझा किए। विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि दल के सदस्यों ने भारत सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विशेषकर राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रगति और क्रियान्वयन के संबंध में चार जिलों का दौरा कर स्थानीय अधिकारियों, पशुपालकों एवं अन्य लाभार्थियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जिलों के विभिन्न स्तर के पशु चिकित्सा केंद्रों का अवलोकन कर वहां दवाइयों उपकरणों और अन्य सुविधाओं का भी जायजा लिया। डॉ. शर्मा ने बताया कि दल के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए राज्य में विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ सुझाव दिए हैं जिससे योजनाओं की क्रियान्विति और सुचारू तथा बेहतर हो सके। विभाग ने उनके सुझावों को नोट कर लिया है और शीघ्र ही उन पर अमल भी शुरु हो जाएगा।

डॉ. शर्मा ने बताया कि दल के सदस्यों ने मोबाइल वेटरिनरी यूनिट और कॉल सेंटर 1962 की सराहना करते हुए इसके और अधिक प्रचार प्रसार पर बल दिया है जिससे अधिक से अधिक लोग इसका भरपूर लाभ ले सकें और इसका मकसद पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर नवाचार और आवश्यक सुधार की कार्यवाही होती रहेगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय दल के सदस्यों ने एक सप्ताह के राज्य के अपने दौरे में चार जिलों अलवर, सीकर, जोधपुर और कोटा का दौरा किया और केंद्र प्रवर्तित योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए किए जा रहे विभाग के प्रयासों की सराहना की। बैठक में राष्ट्रीय दल के, डॉ. एम. टी. मंजूनाथ डॉ माधवराव और डॉ. सुनील रौतमोरे, डॉ. भवानी सिंह राठौड़, निदेशक पशुपालन विभाग, डॉ. आनंद सेजरा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड तथा समस्त योजना प्रभारी और राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के अधिकारीगण उपस्थित थे।




# सौंदर्यीकरण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए : झाबर सिंह

जयपुर/दक्षिण भारत। स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के मार्गदर्शन में जेडीए सचिव निशांत जैन की अध्यक्षता में शनिवार को जेडीए के मंथन सभागार में जविप्रा के समस्त प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों को शहर में संचालित कोचिंग इंस्टीट्यूट के संबंध में जेडीए से संबंधित बिंदुओं की जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियों को 12 मुख्य सडकों पर अवरोधों, अतिक्रमणों के कारण सडक निर्माण नहीं हो पा रहा है, ऐसे अवरोधों, अतिक्रमणों को 31 अक्टूबर, 2024 तक हटवाने के निर्देश दिए। जेडीए सचिव ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में भूमि आवंटन के प्रकरणों को 15 नवम्बर, 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जेडीए सचिव द्वारा आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जेडीए के नागरिक सेवा केंद्र की समस्त ऑनलाईन सेवाओं की पेडेंसी शून्य करने के निर्देश दिए।उन्होंने डीटीएस/सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणो को गुणात्मक रूप से 30 दिवस में लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्ताकरण करने के निर्देश दिये। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 हेतु आवश्यक सुधारीकरण/सौंदर्यीकरण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु जोनवार समीक्षा करते हुए कर्व स्टोन की मरम्मत करवाने, मीडियन में पेड लगवाने, रोड पेच वर्क एवं साफ-सफाई करवाने, विभिन्न आवश्यक स्थानों पर लाईटिंग, फुटपाथ-मीडियन मरम्तीकरण, पेड लगवाने, ग्रूमिंग, विद्युतीकरण कार्य, जैसे इत्यादि कार्य करवाने के निर्देश दिए।

लाईट्स प्रकरणों का निस्तारण त्वरित गति से करने एवं इससे संबंधित प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग कर पेन्डेन्सी शून्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों की प्रभावी एवं पुख्ता पैरवी नहीं करने वाले अधिवक्ताओं को बदलने के निर्देष दिये, जिससे जेडीए के पक्ष में निर्णय पारित हो सके।

# 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान को आपात स्थिति में जयपुर उतारा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विमानन कंपनी 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' की दुबई से जयपुर आ रही उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार देर रात यहां हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। हालांकि, जांच के बाद यह धमकी अफवाह निकली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि विमान में बम की धमकी के बारे में अधिकारियों को सूचित किए जाने के बाद जयपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति घोषित कर दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि 189 यात्रियों के साथ विमान देर रात एक बजकर 20 मिनट पर हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। उन्होंने बताया कि विमान की



गहन जांच की गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उल्लेखनीय है कि हाल में अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की धमकियां मिली हैं। इस तरह की अधिकतर धमकियां सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुईं और वे सभी अफवाह निकलीं।

इस सप्ताह 20 से अधिक विमानों में बम होने की धमकियां मिलीं जिसके कारण उड़ानों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा व उनके समय बदलना पड़ा।

# विजया रहाटकर बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष

जयपुर/दक्षिण भारत। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव और राजस्थान की सह प्रभारी विजया रहाटकर की राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हुई। विजया रहाटकर ने महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में भी अपनी एक खास पहचान बनाई थी, जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने यह नियुक्ति की है। उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त होगा।

राष्ट्रीय महिला आयोग, जो एक संवैधानिक दर्जा प्राप्त संस्था है, को महिलाओं की उन्नति के लिए व्यापक अधिकार दिए गए हैं। इसमें संवैधानिक और कानूनी मुद्दों का पुनर्मूल्यांकन, संसदीय और वैधानिक सिफारिशें करना, महिलाओं से संबंधित नीतिगत मामलों में केंद्र और राज्य सरकारों को सलाह देना, महिलाओं के मुद्दों पर शोध करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना जैसे कार्य शामिल हैं। 1992 में विशेष अधिनियम द्वारा स्थापित यह आयोग सिविल कोर्ट के अधिकारों से सुसज्जित है।

विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाते हुए



विजयाताई का नेतृत्व विकसित हुआ है। वे भाजपा युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा की सात साल राष्ट्रीय अध्यक्ष और अब भाजपा की राष्ट्रीय सचिव तक का सफर तय कर चुकी हैं। इसके अलावा वे भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की लंबे समय तक सदस्य रही हैं और फिलहाल राजस्थान भाजपा की सह प्रभारी के रूप में पार्टी का काम कर रही हैं। राजस्थान विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता में उनका बड़ा योगदान रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए, उनकी महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में (2016 से 2021) नियुक्ति हुई थी। महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सक्षमा, प्रज्ज्वला, सुहिता जैसे महिला केंद्रित कई पहल की। सक्षमा पहल के माध्यम से एसिड अटैक पीड़ितों को राहत दी गई। प्रज्ज्वला योजना से केंद्र सरकार की योजनाओं से स्वयं सहायता समूहो के लाखों महिलाओं को जोड़ा गया। सुहिता योजना के तहत महिलाओं के लिए 247 हेल्पलाइन सेवा उपलब्ध कराई गई। महिला केंद्रित विकास और महिला नेतृत्व के अंतर्गत कानूनी सुधारों की भी पहल की, जिनमें पोस्को, ट्रिपल तलाक सेल और मानव तस्करी विरोधी विशेष सेल की स्थापना शामिल हैं। विजयाताई ने डिजिटल साक्षरता, महिला आयोग आपके द्वार, और महिला आयोग का साद पत्रिका जैसे पहल भी शुरू किए।

2007 से 2010 के दौरान छत्रपति संभाजीनगर की महापौर रहते हुए, विजयाताई ने शहर के विकास के लिए स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर बुनियादी ढांचे तक कई महत्वपूर्ण योजनाओं को अंजाम दिया। उन्होंने शहर को एक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के रूप में पहचान दिलाई और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के माध्यम से शहर की आय में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महापौर पद के दौरान वे महाराष्ट्र मेयर काउंसिल की अध्यक्ष और ऑल इंडिया मेयर काउंसिल की उपाध्यक्ष भी रहीं।




# चिकित्सा व्यवसाय नहीं, सबसे पवित्र सेवा कार्य : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि चिकित्सा व्यवसाय नहीं, सबसे पवित्र सेवा कार्य है। चिकित्सक को चाहिए कि वह कम से कम दवा और सस्ता सुलभ इलाज करते हुए अपने रोगियों को ठीक करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने हृदय रोग से बचाव और उपचार के लिए जागरूकता का प्रसार किए जाने पर भी जोर दिया है। राज्यपाल शनिवार को इटर्नल हॉस्पिटल द्वारा सिनाई हॉस्पिटल, न्यूयार्क के सहयोग से आयोजित 'हार्ट कॉन्क्लेव 2024' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हृदय रोग इस समय सबसे बड़े रोग के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। हर उम्र के लोगों को यह हो रहा है। इससे बचाव के साथ इसके होने पर जीवन रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जाए।

बागड़े ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट की चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया भर में हृदय रोग से संबंधित 17.9 मिलियन मौतों में से कम से कम पांचवां हिस्सा भारत का है। उन्होंने कहा कि हृदय रोगों से होने वाली मौतों में युवा उम्र के लोगों की संख्या बहुत अधिक है। यह चिंताजनक है।

उन्होंने इस संबंध में हृदय रोग की आरंभिक पहचान और रोकथाम के लिए समाज में वातावरण बनाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हृदय रोग की बुनियादी समझ और रोग से बचाव के लिए समाज में वातावरण निर्माण की दिशा में भी प्रभावी कार्य किया जाए। बागड़े ने योग की भारतीय संस्कृति और शारीरिक व्यायाम से युवा पीढ़ी को जोड़ने, कार्यस्थलों पर हैल्दी वातावरण निर्माण करने और हृदय रोगों से बचाव के साथ इसके होने पर तुरंत रखी जाने वाली सावधानियां पर भी चिकित्सकों को जागरूक किए जाने के कार्य करने पर जोर दिया।



# ईडी ने कर्नाटक के मुडा कार्यालय में लगातार दूसरे दिन भी छापेमारी जारी रखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की पत्नी बी.एम. पार्वती को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शनिवार को लगातार दूसरे दिन मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) कार्यालय में छापेमारी जारी रखी। अधिकारियों ने बाहरी लोगों को मुडा कार्यालय के परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। ईडी के अधिकारी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के साथ मैसूरु स्थित एमयूडीए कार्यालय, इसके तहसील कार्यालय और मामले के एक आरोपी देवराजू के बेंगलूरु के केंगेरी स्थित परिसर पर शुक्रवार सुबह से छापेमारी कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि एजेंसी द्वारा भूमि अधिग्रहण और आवंटन नीतियों के बारे में तीन दर्जन से अधिक प्रश्नों के उत्तर मांगने के लिए एमयूडीए को कई पत्र भेजे जाने के बाद तलाशी शुरू की गई है, क्योंकि उसे कोई संतोषजनक' जवाब नहीं मिला था। ईडी ने इस मामले में लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ 30 सितंबर को प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की थी, जो पुलिस की प्राथमिकी के समान होती है।

मुख्यमंत्री के खिलाफ मैसूर के प्रमुख स्थान पर एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी बी. एम पार्वती को 14 भूखंडों के आवंटन में अनियमितता का आरोप है।

# सिद्दरामय्या तीन मामलों में भ्रष्टाचार में शामिल : शोभा करंदलाजे



सिद्दरामय्या के परिवार ने हर मामले में गलत किया है। एक हजार करोड़ रुपये के मुडा घोटाले की जांच होनी चाहिए। कर्नाटक के लोग इसकी जांच की मांग करते हैं। ईडी को जांच क्यों नहीं सौंपी जा रही है। इसमें क्या समस्या है?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) द्वारा भूमि आवंटन से संबंधित कथित घोटाले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में उनकी पत्नी पार्वती, उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी और कथित भूमि मालिक देवराज का नाम शामिल है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या सहित उनके पूरे परिवार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने एक नहीं, तीन मामलों में भ्रष्टाचार किए हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और उनकी पत्नी पार्वती ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) में 14 साइट्स लीं। उन्होंने उन साइट्स को अवैध तरीके से लिया और फिर उन्हें वापस भी कर दिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पर तीन तरह के भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। पहला आरोप है कि कांग्रेस ने वाल्मीकि विकास निगम का पैसा तेलंगाना चुनाव में खर्च किया। इसमें एक अधिकारी ने आत्महत्या भी कर ली थी। यह सारा पैसा हैदराबाद के एक निजी बैंक में गया।

दूसरा आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कोर्ट ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने बेंगलूरु टर्फ क्लब के विकास के लिए एक व्यक्ति से गलत तरीके से 1 करोड़ 30 लाख रुपये लिए। उन्होंने चेक के जरिए पैसे लिए। तीसरा आरोप है कि सिद्दरामय्या के बेटे खुद मुडा के सदस्य थे। इसी दौरान सिद्दरामय्या की पत्नी ने 14 साइट्स हासिल की। सिद्दरामय्या ने दबाव डालकर साइट्स हासिल करने में मदद की। फिलहाल जांच चल रही है। मामला हाईकोर्ट में है। मैसूरु के डीसी ने रिपोर्ट दी है कि मुडा (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) में एक हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है।

उन्होंने कहा कि 14 साइटों को लेना पूरी तरह से गलत है। सिद्दरामय्या के परिवार ने हर मामले में गलत किया है। एक हजार करोड़ रुपये के मुडा घोटाले की जांच होनी चाहिए। कर्नाटक के लोग इसकी जांच की मांग करते हैं। ईडी को जांच क्यों नहीं सौंपी जा रही है। इसमें क्या समस्या है? अगर मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार नहीं किया है, तो वह क्यों डर रहे हैं? जो भी दोषी होगा उसे सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) के अध्यक्ष के. मैरीगौड़ा ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया, क्योंकि वह मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के बहुत करीबी व्यक्ति थे। इसका मतलब है कि सिद्दरामय्या ने एक अधिकारी को निलंबित कर दिया। सिद्दरामय्या सरकार मुडा घोटाले को छिपाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

# भाजपा ने शिग्गांव विधानसभा उपचुनाव के लिए बसवराज बोम्मई के बेटे को मैदान में उतारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



भरत बोम्मई और बंगारू हनुमंतु

बेंगलूरु। भाजपा ने शनिवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बेटे भरत बोम्बई को शिग्गांव विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया और पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बंगारू हनुमंतु को संदूर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा। भरत बोम्मई की उम्मीदवारी की घोषणा बोम्मई परिवार की तीसरी पीढ़ी के चुनावी राजनीति में प्रवेश का प्रतीक है। उनके दादा एस आर बोम्मई और पिता बसवराज बोम्मई राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। बसवराज बोम्मई अब हावेरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद हैं।

इस बीच, भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने अभी तक चन्नपटना विधानसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है। संभावना यह है कि इस सीट पर जद (एस) चुनाव लड़ेगा। जद (एस) सूत्रों के अनुसार, इस बात की संभावना काफी है कि केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी को चन्नपटना से मैदान में उतारा जा सकता है। कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। हालांकि पार्टी सूत्रों ने कहा कि पठान अहमद खान को शिग्गांव विधानसभा सीट से फिर से मैदान में उतारा जा सकता है। खान को 2023 के विधानसभा चुनाव में बसवराज बोम्मई ने हराया था।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि संदूर से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम की पत्नी या बेटी को टिकट दिया जा सकता है। चन्नपटना के संबंध में उन्होंने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार के भाई डी के सुरेश को टिकट मिल सकता है।

यह उपचुनाव तीन मौजूदा विधायकों एच डी कुमारस्वामी (चन्नपटना), ई तुकाराम (संदूर) और बसवराज बोम्मई (शिग्गांव) के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद विधानसभा से इस्तीफा देने के कारण आवश्यक हो गया था।

# मुडा मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त किए जाएं : आर. अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु । कर्नाटक भाजपा ने शनिवार को मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की मांग की है। विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) आर अशोक ने कहा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच कर रहा है। ईडी के अधिकारियों ने मैसूर में मुडा कार्यालय और तालुक कार्यालय पर छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच की और संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की है। उन्होंने कहा, ईडी की जांच तेज होने के साथ ही मामला एक और महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है। सत्ता के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग, उनके परिवार के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी इसमें शामिल हैं, इसलिए यह मामला गंभीर और संवेदनशील दोनों है।भाजपा नेता ने मांग की, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए, मैं ईडी के निदेशक और कर्नाटक के डीजीपी से अपील करता हूं कि वे मामले में शामिल सभी अधिकारियों, आरोपियों और संभावित गवाहों के पासपोर्ट तुरंत जब्त करें। कर्नाटक लोकायुक्त और ईडी इस घोटाले की जांच कर रही है। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा पहले ही सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं।

याचिकाकर्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लोकायुक्त अधिकारी नियुक्त किए हैं और वे मुख्यमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाएंगे। ईडी अधिकारियों ने शुक्रवार को रात 11 बजे तक मुडा कार्यालय में तलाशी और जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने आयुक्त रघुनंदन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भूमि स्वामित्व और मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की पत्नी पार्वती को आवंटन से संबंधित मूल दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की।





# बेंगलूरु में भारी बारिश से लोग परेशान, 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में भारी बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को भारी बारिश के चलते कर्नाटक की राजधानी समेत 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने (आईएमडी) कर्नाटक के 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार सुबह से शुरू हुई बारिश ने पूरे बेंगलूरु में ट्रैफिक को बाधित कर दिया है। शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जबकि कई अन्य जगहों पर भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने रविवार को भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। इसके चलते अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और संभावित आपातकालीन स्थितियों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। बेंगलूरु में हाल ही में हुई भारी बारिश से रिहायशी और स्थानीय इलाकों में पानी भर गया था। बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने बाढ़ से प्रभावित अपार्टमेंट परिसर के निवासियों की मदद के लिए ट्रैक्टर की व्यवस्था की थी।

येलो अलर्ट दक्षिण कन्नड़, उडुप्पी और उत्तर कन्नड़ के तटीय जिलों के लिए जारी किया गया है, जहां तेज हवाएं चक्रवात जैसी स्थिति पैदा कर रही हैं। पर्यटकों और स्थानीय लोगों को समुद्र तटों से दूर रहने की सलाह दी गई है।दक्षिणी और उत्तरी कर्नाटक के कई जिले भी येलो अलर्ट पर हैं। बेंगलूरु में भारी बारिश ने एक बार फिर निचले इलाकों के निवासियों और झील के किनारे बनी इमारतों के लिए चिंता बढ़ा दी है।

आमतौर पर इस अवधि के दौरान बेंगलूरु में औसतन 5 मिमी बारिश होती है। हालांकि, 15 अक्टूबर को शहर में 65 मिमी बारिश दर्ज की गई। उस दिन 142 स्थानों पर घरों में पानी भरने और 30 पेड़ उखड़ने की खबर सामने आई थी।

# कुमारस्वामी मतभेद दूर करने के लिए येडीयुरप्पा और विजयेंद्र से मिलेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता निखिल कुमारस्वामी ने शनिवार को कहा कि उनके पिता एवं केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी चन्नपटना विधानसभा उपचुनाव के संबंध में मतभेद दूर करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येडीयुरप्पा और उनके बेटे एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा से मुलाकात करेंगे। निखिल ने कहा कि जद (एस) और भाजपा नेता रविवार तक उम्मीदवार के नाम पर अंतिम फैसला करेंगे।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का उम्मीदवार 13 नवम्बर को होने वाला चन्नपटना विधानसभा उपचुनाव लड़ेगा। लोकसभा चुनाव में जीत के बाद कुमारस्वामी के इस विधानसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद चन्नपटना सीट खाली हो गई थी।

# राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के आरोप में भाजपा विधायक यतनाल पर मामला दर्ज



विजयपुरा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ यहां हाल में एक जनसभा के दौरान कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस नगर पार्षद परशुराम होसामनी की शिकायत पर शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 15 अक्टूबर को एक कार्यक्रम में यतनाल ने राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए। इस शिकायत के आधार पर गांधी चौक पुलिस थाने में यतनाल के खिलाफ शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करने और झूठी एवं भ्रामक जानकारी फैलाने का मामला दर्ज किया गया।

# केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई दो करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/हुब्बल्ली। पुलिस ने जनता दल (सेक्युलर) के एक पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर शनिवार को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई को गिरफ्तार कर लिया। गोपाल जोशी और विजयलक्ष्मी जोशी नामक महिला के खिलाफ बसवेश्वरनगर पुलिस ने बृहस्पतिवार रात मामला दर्ज किया था। गोपाल के बेटे अजय जोशी को भी प्राथमिकी में नामजद किया गया है। यह शिकायत नागथान के पूर्व विधायक डी. फूल सिंह चव्हाण की पत्नी सुनीता चव्हाण ने दायर की थी। फूल सिंह चव्हाण, 2023 में विधानसभा चुनाव हार गए थे।

सुनीता ने आरोप लगाया है कि गोपाल जोशी ने मई में हुए लोकसभा चुनाव में उनके परिवार के सदस्य को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का टिकट दिलाने के बहाने उनसे दो करोड़ रुपये की ठगी की। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि विजयलक्ष्मी को उनसे प्रह्लाद जोशी की बहन के रूप में मिलवाया गया था। हालांकि, संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने स्पष्ट किया है कि उनकी कोई बहन नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके केवल तीन भाई हैं, जिनमें से एक की 1984 में महाराष्ट्र के अहमदनगर में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

मंत्री ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि उन्होंने तीन दशक से भी अधिक समय पहले अपने भाई (गोपाल जोशी) से नाता तोड़ लिया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि उन्होंने अदालत में एक हलफनामा दाखिल किया था और एक सार्वजनिक नोटिस भी प्रकाशित किया था, जिसमें कहा गया था कि जो कोई भी उनका भाई, रिश्तेदार या दोस्त होने का दावा करता है और किसी भी वित्तीय लेन-देन में शामिल है, वह उनपर बाध्यकारी नहीं होगा। इस बीच, पुलिस मामले की जांच के सिलसिले में गोपाल जोशी को हुब्बल्ली के इंदिरा कॉलोनी स्थित उनके आवास पर ले गई।

## पत्रकार गौरी लंकेश हत्याकांड का आरोपी शिवसेना में शामिल

बेंगलूरु/जालना। पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी श्रीकांत पांगारकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले जालना में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गये। गौरी लंकेश की पांच सितंबर 2017 का बेंगलूरु स्थित उनके आवास के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र की एजेंसियों की सहायता से कर्नाटक पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच की थी और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पांगारकर 2001 से 2006 तक जालना नगरपालिका के पार्षद रहे।




# बेंगलूरु में स्वास्थ्य पर्यटन को सरकार आवश्यक सहयोग देगी : दिनेश गुंडूराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग और सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ बेंगलूरु में निजी क्षेत्र के अस्पतालों में स्वास्थ्य पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक उपाय करने का प्रस्ताव दिया है। मंत्री ने शनिवार को बेंगलूरु के आरोग्य सौधा में प्रतिष्ठित निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों पर निजी क्षेत्र के चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श किया।

बैठक के बाद मीडिया को जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य के बाहर और विदेशों से बड़ी संख्या में लोग बेंगलूरु आते हैं। यहां आने वाले लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और इलाज सुनिश्चित करना होगा। इस संबंध में सरकार द्वारा निजी अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रमाणित करने के उपाय किये जाने चाहिए। जब सरकार ऐसे कदम उठाएगी तो लोगों में विश्वास बढ़ेगा।' उन्होंने कहा कि बेंगलूरु में स्वास्थ्य पर्यटन के विकास के साथ-साथ आईटी सिटी बेंगलूरु को स्वास्थ्य शहर के रूप में भी पहचान मिल सकती है।

लोग बड़े अस्पतालों में केवल गुणवत्तापूर्ण इलाज पाने के लिए आते हैं। बेंगलूरु में अच्छे अस्पताल हैं. आज विदेशों में विशेषज्ञ डॉक्टर की नियुक्ति के लिए महीनों इंतजार की स्थिति है। ऐसे में बेंगलूरु स्वास्थ्य पर्यटन के जरिए अधिक विदेशियों को आकर्षित कर सकता है। इसके अलावा, जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेंगलूरु आते हैं, वे राज्य के अन्य पर्यटन स्थलों पर भी जाते हैं।

उन्होंने कहा कि इससे राज्य में पर्यटन के विकास में मदद मिलेगी। बैठक में मणिपाल अस्पताल, नारायण हृदयालय, अपोलो हेल्थ केयर सहित 50 से अधिक प्रतिष्ठित निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निजी क्षेत्र के कई विशेषज्ञों ने अपनी राय व्यक्त की कि सरकार की ओर से एक आधिकारिक पोर्टल बनाया जाना चाहिए खुद निजी अस्पतालों को गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए क्रेडिट प्वाइंट दे सकती है। साथ ही यह भी राय व्यक्त की गई कि सरकार को प्रत्येक उपचार की कीमत और गुणवत्ता को प्रमाणित करना चाहिए।

# पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा अस्पताल में भर्ती



बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम.कृष्णा को शनिवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक के मुख्यमंत्री एस एम कृष्णा को स्वास्थ्य जांच और निगरानी में रखने के लिए बेंगलूरु के ओल्ड एयरपोर्ट रोड स्थित मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और सोमवार को उन्हें छुट्टी मिलने की उम्मीद है। कृष्णा की 92 वर्ष उम्र है और 2009 से 2012 तक मनमोहन सिंह नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान विदेश मंत्री थे। उन्हें अगस्त में सांस लेने में समस्या होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## सुविचार

**बिना स्वार्थ के लोगों की मदद करनी चाहिए, भले वह आपका साथ निभाएं या नहीं। अगर आप एक बार गोता लगाते हैं तो भले आपको मोती न मिले परंतु इसका यह मतलब नहीं कि समुद्र में मोती नहीं है।**

## ट्वीट

श्री गुरु रामदास जी ने दूसरों की सेवा करने, सभी प्रकार की असमानता और भेदभाव को समाप्त करने पर विशेष जोर दिया। गुरु रामदास जी की पावन शिक्षाएं एकता, समता व सद्भावना के लिए सदैव समाज का मार्गदर्शन करती रहेंगी।

**-वसुंधरा राजे**



आज मुंबई में एसीसीआई महाराष्ट्र प्रभारी श्री रमेश चेन्निथला, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री वर्षा गायकवाड़ एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षकों के साथ महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की।

**-अशोक गहलोत**



## कहानी

# पुर्जा

**ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग**

**अनुवाद - विजय शर्मा**

सामान की आखिरी खेप जा चुकी थी। किराएदार, क्रेपबैंड हैटवाला जवान आदमी, खाली कमरों में अंतिम बार पक्का करने के लिए घूमता है कि कहीं पीछे कुछ छूट तो नहीं गया। कुछ नहीं भूला, कुछ भी नहीं। वह बाहर सामने हॉल में गया। पक्का निश्चय करते हुए कि इन कमरों में जो कुछ भी उसके साथ हुआ वह उसे कभी याद नहीं करेगा। और अचानक उसकी नजर कागज के अधपन्ने पर पड़ी, जो पता नहीं कैसे दीवाल और टेलीफोन के बीच फ़ँसा रह गया था। कागज पर लिखावट थी। जाहिर है एक से ज्यादा लोगों की। कुछ प्रविष्टियाँ पेन और स्याही से बड़ी स्पष्ट थीं, जबकि बाकी दूसरी लेड पेंसिल से घसीटी हुई। यहाँ-वहाँ लाल पेंसिल का भी प्रयोग हुआ था। दो साल में उसके साथ इस घर में जो कुछ भी हुआ था, यह उन सबका रिकॉर्ड था। सारी चीजें, जिन्हें भूल जाने का उसने मन बनाया था, लिखी हुई थीं। कागज के एक पुर्जे पर यह एक मनुष्य के जीवन का एक कतरा था।

उसने उस पेपर को निकाला; यह स्क्रिबलिंग पेपर का एक टुकड़ा था। पीला और सूरज की तरह चमकता हुआ। उसने उसे ड्राइंग रूम के कार्निश पर रख दिया और उस पर आँखें गड़ा दीं। लिस्ट के शीर्ष पर एक औरत का नाम था : 'एलिस'। संसार में सबसे सुंदर नाम, जैसा उसे तब लगा था। क्योंकि यह उसकी मँगेतर का नाम था। नाम के बाद एक नंबर था : '1511'। लगता है यह बाइबिल के एक स्त्रोत का नंबर था, स्त्रोत बोर्ड पर। उसके नीचे लिखा था, 'बैंक'। जहाँ उसका काम था, उसका पवित्र काम - जिसके द्वारा ही उसका मकान, उसकी रोटी और पत्नी, सब - उसके जीवन का आधार। परंतु शब्द पेन से कटा था। क्योंकि बैंक फेल हो गया था। हालाँकि उसने बाद में दूसरा काम पा लिया था। परंतु दुश्चिंता और बेचैनी के एक छोटे-से अंतराल के बाद।

अगली प्रविष्टि थी: 'फूलों की दुकान और घोड़ों आदि का खर्च'। ये उसकी सगाई से संबंधित थे। जब उसकी जेबों में भरपूर पैसे थे।

तब आया, 'फर्नीचर डीलर और पेपर हैंगर'। उसका घर सजाया जा रहा था। 'फॉरवर्डिंग एजेंट' - वे प्रवेश कर रहे थे। 'ऑपेरा-हाउस का बॉक्स-ऑफ़िस, नंबर 50-50' - उनकी नई-नई शादी हुई थी। इतवार की शामों को वे ऑपेरा जाते। उनके जीवन के खूब खुशी के दिन। जब वे शांत चुपचाप बैठते। उनकी आत्मा परी देश के सौंदर्य और लय में परदे के पीछे मिलती। उसके पश्चात एक आदमी का नाम था, काटा हुआ। वह एक दोस्त हुआ करता था। उसकी जवानी का। एक आदमी जो सामाजिक तराजू पर बहुत ऊँचा चढ़ा, लेकिन गिरा। सफलता के मद में, सफलता से बिगड़ कर, गहन गर्त में। और फिर उसे देश छोड़ना पड़ा।

सौभाग्य इतना अस्थिर था!

अब, पति-पत्नी के जीवन में कुछ नया आया। अगली प्रविष्टि एक स्त्री की लिखावट में थी : नर्स। कौन-सी नर्स? हाँ, वही बड़े लबादे और सहानुभूतिपूर्ण चेहरेवाली। जो कभी ड्राइंग रूम से हो कर नहीं जाती बल्कि दालान से सीधे बेड रूम में जाती। उसके नीचे लिखा था, डॉ. एल।

और अब, लिस्ट पर पहली बार कोई रिश्तेदार आया : 'ममा'। यह उसकी सास थी। जो उनकी नई-नवेली खुशी को भंग न करने के लिए अब तक जानबूझ कर दूर थी। लेकिन अब उसकी जरूरत थी। वह आ कर खुश थी।

बहुत सारी प्रविष्टियाँ लाल और नीली पेंसिल से थीं: 'नौकर रजिस्ट्री ऑफिस' - नौकरानी छोड़ गई थी और एक नई को लगाना है। 'केमिस्ट' - हा! जीवन में कालिमा आ गई थी। डेयरी मिल्क का ऑर्डर दिया गया - 'स्टेरेलाइज्ड दूध'!

'कस्साई, किराना आदि।' घर के काम टेलीफोन से हो रहे थे; मतलब मालकिन अपनी पोस्ट पर नहीं थी। नहीं, वह नहीं थी। वह लेटी हुई थी।

आगे क्या लिखा था वह पढ़ नहीं पाया। क्योंकि उसकी आँखों के आगे अँधेरा छा गया; वह नमकीन पानी में से देखता हुआ एक डूबता हुआ आदमी था। फिर भी, वहाँ लिखा था, बहुत साफ़ : 'अंडरटेकर - एक बड़ा ताबूत और एक छोटा ताबूत।' और 'धूल' शब्द पद कोष्ठक में जुड़ा हुआ था। पूरे रेकॉर्ड का यह अंतिम शब्द था 'धूल'। धूल के साथ वह समाप्त हुआ! और ठीक-ठीक यही होता है जिंदगी में।

उसने पीला कागज लिया, उसे चूमा। कायदे से तहाया और अपनी पॉकेट में रख लिया।

दो मिनट में वह अपनी जिंदगी के दो वर्ष फिर से जी गया।

परंतु जब उसने घर छोड़ा वह हारा हुआ नहीं था। इसके विपरीत, एक प्रसन्न और गर्वित आदमी की तरह वह अपना सिर ऊँचा किए हुए था। क्योंकि वह जानता था कि जीवन की सर्वोत्तम चीजें उसे मिली थीं और उसे उन सब पर दया आई जिन्हें वे नहीं मिली थीं।

– 'हिन्दी समय' से साभार

## संजय उवाच



■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# को जागर्ति?

इसी सप्ताह शरद पूर्णिमा सम्पन्न हुई। इसे कौमुदी पूर्णिमा अथवा कोजागरी के नाम से भी जाना जाता है। अश्विन मास की पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा कहलाती है। शरद पूर्णिमा अर्थात द्वापर में रासरचैया द्वारा राधारानी एवं गोपिकाओं सहित महारास की रात्रि, जिसे देखकर आनंद विभोर चांद ने धरती पर अमृतवर्षा की थी।

चंद्रमा की कला की तरह घटता-बढ़ता-बदलता रहता है मनुष्य का मन भी। यही कारण है कि कहा गया, 'चंद्रमा मनसो जात:।' यह समुद्र मंथन से लक्ष्मी जी के प्रकट होने की रात्रि भी है। समुद्र को मथना कोई साधारण कार्य नहीं था। मदरांचल पर्वत की मथानी और नागराज वासुकि की रस्सी या नेती, कल्पनातीत है। सार यह कि लक्ष्मी के अर्जन के लिए कठोर परिश्रम के अलावा कोई विकल्प नहीं। लोकमान्यता है कि कोजागरी की रात्रि लक्ष्मी जी धरती का विचरण करती हैं और पूछती हैं, 'को जागर्ति?'.. कौन जग रहा है?..जगना याने ध्येयनिष्ठ और विवेकजनित कर्म।

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान का उवाच है,
या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।
(2.69)

सब प्राणियोंके लिए जो रात्रि के समान है, उसमें स्थितप्रज्ञ संयमी जागता है और जिन विषयोंमें सब प्राणी जाग्रत होते हैं, वह मुनिके लिए रात्रि के समान है । सब प्राणियों के लिए रात क्या है? मद में चूर होकर अपने उद्गम को बिसराना,अपनी यात्रा के उद्देश्य को भूलना ही रात है। इस अंधेरी भूल-भुलैया में बिरले ही सजग होते हैं, जाग्रत होते हैं। वे निरंतर स्मरण रखते हैं कि जीवन क्षणभंगुर है, हर क्षण परमात्म तत्व को समर्पित करना ही लक्ष्य है। इन्हें ही स्थितप्रज्ञ कहा गया है।

साधारण प्राणियों का जागना क्या है? उनका जागना भोग और लोभ में लिप्त रहना है। मुनियों के लिए दैहिकता कर्तव्य है। वह पर कर्तव्यपरायण तो होता है पर अति से अर्थात भोग और लोभ से दूर रहता है। साधारण प्राणियों का दिन, मुनियों की रात है।

अब प्रश्न उठता है कि सर्वसाधारण मनुष्य क्या सब त्यागकर मुनि हो जाए? इसके लिए मुनि शब्द का अर्थ समझना आवश्यक है। मुनि अर्थात मनन करनेवाला, मननशील। मननशील कोई भी हो सकता है। साधु-संत से लेकर साधारण गृहस्थ तक।

मनन से ही विवेक उत्पन्न होता है। दिवस एवं रात्रि की अवस्था में भेद देख पाने का नाम है विवेक। विवेक से जीवन में चेतना का प्रादुर्भाव होता है। फिर चेतना तो साक्षात ईश्वर है। ..और यह किसी संजय का नहीं स्वयं योगेश्वर का उवाच है।

वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः।
इंद्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना।।
(10.22)

श्रीमद्भगवद्गीता में ही भगवान कहते हैं कि मैं वेदों में सामवेद हूँ, देवों में इंद्र हूँ, इंद्रियों में मन हूँ और प्राणियों की चेतना हूँ। जिसने भीतर की चेतना को जगा लिया, वह शाश्वत जागृति के पथ पर चल पड़ा। 'को जागर्ति' के सर्वेक्षण में ऐसे साधक सदैव दिव्य स्थितप्रज्ञों की सूची में रखे गए।

## विशेष

# सुहागिनों का सबसे बड़ा त्योहार है करवा चौथ

**योगेश कुमार गोयल**
**मोबाइल : 9416740584.**

करवा चौथ पर्व का हमारे देश में विशेष महत्व है क्योंकि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूरे दिन व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं। भारतीय समाज में वैसे तो महिलाएं विभिन्न अवसरों पर अनेक व्रत रखती हैं लेकिन पति को परमेश्वर मानने वाली नारी के लिए इन सभी व्रतों में सबसे अहम स्थान रखता है 'करवा चौथ' व्रत, जो इस वर्ष 20 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य तथा सौभाग्य के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में उसकी सफलता की कामना से सुहागिन महिलाओं द्वारा कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाने वाला यह व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन माना जाता है, जो सुहागिनों का सबसे बड़ा व्रत एवं त्यौहार है। महिलाएं अन्न-जल ग्रहण किए बिना अपार श्रद्धा के साथ यह व्रत रखती हैं तथा रात्रि को चन्द्रमा के दर्शन करके अर्ध्य देने के बाद ही व्रत खोलती हैं। यही वजह है कि अखण्ड सुहाग का प्रतीक यह व्रत अन्य सभी व्रतों के मुकाबले काफी कठिन माना जाता है।

कहा जाता है कि इस व्रत के समान सौभाग्यदायक अन्य कोई व्रत नहीं है और सुहागिनें यह व्रत 12-16 वर्ष तक हर साल निरन्तर करती हैं, उसके बाद वे चाहें तो इसका उद्यापन कर सकती हैं अन्यथा आजीवन भी यह व्रत कर सकती हैं। आजकल तो कुछ पुरुष भी पूरे दिन का उपवास रखकर पत्नी के इस कठिन तप में उनके सहभागी बनते हैं। दिनभर उपवास करने के बाद शाम को सुहागिनें करवा की कथा सुनती व कहती हैं तथा चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा को अर्ध्य देकर अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना कर प्रण करती हैं कि वे जीवन पर्यन्त अपने पति के प्रति तन, मन, वचन एवं कर्म से समर्पित रहेंगी। पूजा-पाठ के बाद सुहागिनें अपनी सास के चरण स्पर्श कर उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं।



करवा चौथ पर्व के संबंध में वैसे तो कई कथाएं प्रचलित हैं लेकिन सभी कथाओं का सार पति की दीर्घायु और सौभाग्यवृद्धि से ही जुड़ा है। विभिन्न पौराणिक कथाओं के अनुसार 'करवा चौथ' व्रत का उद्गम उस समय हुआ था, जब देवों व दानवों के बीच भयंकर युद्ध चल रहा था और युद्ध में देवता परास्त होते नजर आ रहे थे। तब देवताओं ने ब्रह्माजी से इसका कोई उपाय करने की प्रार्थना की और ब्रह्मा जी ने उन्हें सलाह दी कि अगर सभी देवों की पत्नियां सच्चे एवं पवित्र हृदय से अपने पति की जीत के लिए प्रार्थना एवं उपवास करें तो देवता दैत्यों को परास्त करने में अवश्य सफल होंगे। ब्रह्मा जी की सलाह पर समस्त देव पत्नियों ने कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को यह व्रत किया और रात्रि के समय चन्द्रोदय से पहले ही देवता दैत्यों से युद्ध जीत गए। तब चन्द्रोदय के पश्चात दिनभर की भूखी-प्यासी देव पत्नियों ने अपना-अपना व्रत खोला। ऐसी मान्यता है कि तभी से इसी दिन करवा चौथ का व्रत किए जाने की परम्परा शुरू हुई।

करवा चौथ के व्रत के संबंध में अनेक प्रचलित कथाओं में से एक महाभारत काल से जुड़ी है। कहा जाता है कि एक बार धनुर्धारी अर्जुन तप करने के उद्देश्य से नीलगिरी पर्वत पर गए तो द्रोपदी बहुत चिंतित हुई। उसने विचार किया कि यहां हर समय कोई न कोई संकट आता ही रहता है, इसलिए अर्जुन की अनुपस्थिति में इन संकटों से बचने के लिए क्या उपाय किया जाए? तब द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया और श्रीकृष्ण को अपने मन की व्यथा बताई। द्रोपदी की बात सुनकर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि पार्वती देवी ने भी एक बार भगवान शिव से बिल्कुल यही प्रश्न किया था और तब भगवान शिव ने उन्हें कहा था कि करवा चौथ का व्रत गृहस्थी में आने वाली तमाम छोटी-बड़ी बाधाओं को दूर करता है। द्रोपदी ने श्रीकृष्ण से करवा चौथ के व्रत के संबंध में विस्तार से बताने का आग्रह किया तो श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को इस व्रत के महत्व को दर्शाती कथा सुनानी आरंभ की।

भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि इन्द्रप्रस्थ नगरी में वेद नामक एक धर्मपरायण ब्राह्मण के सात पुत्र व एक पुत्री थी। विवाह के बाद जब पुत्री पहली करवा चौथ पर मायके आई तो उसने मायके में ही करवा चौथ का व्रत रखा लेकिन चन्द्रोदय से पूर्व ही उसे भूख सताने लगी तो अपनी लाड़ली बहन की यह वेदना भाईयों से देखी न गई। उन्होंने बहन से व्रत खोलने का आग्रह किया पर वह इसके लिए तैयार न हुई। तब भाईयों ने मिलकर एक योजना बनाई। उन्होंने एक पीपल के वृक्ष की ओट में प्रकाश करके बहन को कहा कि देखो चन्द्रमा निकल आया है। बहन भोली थी, इसलिए भाईयों की बात पर विश्वास करके उसने उस प्रकाश को ही चन्द्रमा मानकर उसे ही अर्ध्य देकर व्रत खोल लिया लेकिन जब अगले दिन वह ससुराल पहुंची तो पति को बहुत बीमार पाया। दिन ब दिन पति की बीमारी बढ़ती गई और सारी जमा पूंजी पति की बीमारी में ही लग गई तो उसने मंदिर में जाकर गणेश जी की स्तुति करनी शुरू की। उसकी प्रार्थना पर प्रसन्न होकर गणेश ने उसके समक्ष प्रकट होकर कहा कि तुमने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान से नहीं किया, इसीलिए तुम्हारे पति की यह दशा हुई है। यदि तुम यह व्रत पूरे विधि विधान एवं निष्ठा के साथ करो तो तुम्हारा पति पूरी तरह ठीक हो जाएगा। उसके बाद उसने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान के साथ किया और इसके प्रभाव से उसका पति ठीक हो गया।

यह कथा सुनाने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी से कहा कि यदि तुम भी इसी प्रकार विधिपूर्वक सच्चे मन से करवा चौथ का व्रत करो तो तुम्हारे समस्त संकट अपने आप दूर हो जाएंगे। तब द्रोपदी ने करवा चौथ का व्रत रखा और उसके व्रत के प्रभाव से महाभारत के युद्ध में पांडवों की विजय हुई। अतः करवा चौथ के व्रत के उद्गम को इस प्रसंग से भी जोड़कर देखा जाता है और कहा जाता है कि इसी के बाद सुहागिनें करवा चौथ' व्रत रखने लगी।

इस पर्व से संबंधित और भी कई कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें सत्यवान और सावित्री की कहानी तथा करवा नामक एक धोबिन की कहानी भी बहुत प्रसिद्ध हैं। इस पर्व की शुरूआत एक बहुत अच्छे विचार पर आधारित थी मगर समय के साथ इस पर्व का मूल विचार और परिदृश्य बदल रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस व्रत का फल तभी है, जब यह व्रत करने वाली महिला भूलवश भी झूठ, कपट, निंदा, अभिमान न करे। इस व्रत से जहां पति के प्रति पत्नी की निष्ठा एवं समर्पण भाव परिलक्षित होता है, वहीं यह पर्व दाम्पत्य जीवन में आपसी विश्वास और भरोसे को मजबूत करने तथा संबंधों में मधुरता घोलने का त्यौहार है। सही मायने में करवा चौथ दाम्पत्य जीवन में एक-दूसरे के प्रति समर्पण का अनूठा पर्व है।

## बोध कथा

# उम्र बढ़ाने वाला पेड़

एक समय की बात है जब बादशाह अकबर का परचम पूरे विश्व में फैलने लगा था। उसी दौरान तुर्किस्तान के बादशाह को अकबर की बुद्धिमत्ता की परीक्षा लेने की सूझी। तुर्किस्तान के बादशाह ने अपने दूत को संदेश पत्र देकर कुछ सिपाहियों के साथ दिल्ली रवाना किया। बादशाह ने पत्र में लिखा था 'मुझे सुनने में आया है कि भारत में ऐसा पेड़ है, जिसके पत्ते को खाकर इंसान की आयु बढ़ाने में मदद मिल सकती है। अगर यह बात सच है, तो मेरे लिए उस पेड़ के कुछ पत्ते जरूर भेंजे।' जब अकबर ने उस पत्र को पढ़ा, तो वह सोच में पड़ गए। इस चिंता से उबरने के लिए अकबर ने बीरबल का सहारा लिया। बीरबल की सलाह पर बादशाह अकबर ने तुर्किस्तान से आए सिपाहियों और दूत को कैद करने का आदेश दिया। सिपाही और दूत के कैदखाने में कई दिन बीत जाने के बाद अकबर और बीरबल एक दिन उनसे मिलने गए। अकबर और बीरबल को आते देख कर वो सोचने लगे कि उन्हें रिहाई मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

बादशाह अकबर जब उनके पास पहुंचे, तो उन्होंने दूत से कहा 'जब तक इस किले की एक-दो ईंट गिर नहीं जाती, तब तक आप लोगों को आजाद नहीं करेंगे। ऐसा होने तक आप सभी के लिए यहां खाने-पीने का पूरा इंतजाम किया जाएगा।' इतना कहकर बादशाह अकबर और बीरबल वहां से चले गए। उनके जाने के बाद दूत और सिपाही कैद से निकलने के लिए उपाय सोचने लगे। जब कोई रास्ता नजर नहीं आया, तो भगवान से प्रार्थना करने लगे।

जल्द ही उनकी प्रार्थना रंग लाई और कुछ दिनों बाद अचानक तेज भूकंप आया और भूकंप के कारण किले का एक भाग टूटकर गिर गया। यह घटना के बाद दूत ने अकबर के पास किले की दीवार गिरने की खबर भिजवाई। यह खबर सुनते ही बादशाह अकबर को अपना वादा याद आया और उन्होंने तुर्किस्तान के दूत व सिपाहियों को दरबार में प्रस्तुत होने का आदेश दिया। उनके दरबार में पहुंचते ही बादशाह अकबर बोले 'अब तो आप सबको अपने बादशाह के द्वारा भेजे गए पत्र का उत्तर मिल गया होगा। अगर अब भी आपको समझ नहीं आया है, तो मैं समझा देता हूं। तुम सिर्फ 100 लोग हो और तुम्हारी आह सुनकर किले का एक हिस्सा गिर गया, तो सोचो जिस देश में हजारों लोगों पर अत्याचार होते हैं, उस देश के बादशाह की आयु कैसे बढ़ेगी। लोगों की आह से उसका पतन तो निश्चित है। हमारे भारत देश में किसी गरीब पर अत्याचार नहीं होता। यही होता है आयुवर्धक वृक्ष।'

उसके कुछ दिन बाद बादशाह ने उन सभी को उनके देश भेज दिया है और रास्ते में होने वाले खर्चे के लिऐ कुछ पैसे भी दिए। दूत ने तुर्किस्तान पहुंचकर भारत में घटित सारी बात विस्तार से बादशाह को बताए। अकबर-बीरबल की बुद्धिमत्ता देखकर तुर्किस्तान के बादशाह ने दरबार में उनकी बहुत प्रशंसा की।



## वीर गाथा

# ब्रिगेडियर रविदत्त मेहता: जान की बाज़ी लगाकर आईएसआई के मंसूबों को किया विफल

ब्रिगेडियर रविदत्त मेहता का जन्म जुलाई 1954 में हिमाचल प्रदेश के शिमला में हुआ था। उनके परिवार के कई सदस्य सेना में सेवाएं दे चुके हैं। माता सुनीता देवी और पिता एसडी मेहता के बेटे रविदत्त इस सोच के साथ बड़े हुए थे कि वे भी एक दिन सैनिक बनेंगे। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई शिमला के एक स्कूल से की थी। वे अपने सपने को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला गए। उन्हें जून 1976 में एयर डिफेंस आर्टिलरी में कमीशन मिला। वे साल 1982 में सैन्य खुफिया कोर में शामिल हुए।

रविदत्त अपने दोस्तों के बीच 'गणितज्ञ' के तौर पर जाने जाते थे। इसके अलावा उन्हें विभिन्न भाषाएं सीखने का शौक था। उन्होंने पश्तो, मंदारिन और तिब्बती सहित कई भाषाओं में महारत हासिल कर ली थी। साल 2008 में ब्रिगेडियर रविदत्त मेहता को काबुल में डिफेंस अताशे के तौर पर तैनात किया गया था। उन्होंने अफगान सेना को प्रशिक्षित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के नेटवर्क पर भी नजर रखते थे, जो आतंकवादियों के साथ मिलकर वहां हिंसा फैला रही थी।

ब्रिगेडियर रविदत्त को अपने सूत्रों से सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी काबुल में भारतीय दूतावास पर हमला कर सकते हैं। इसके मद्देनजर वे सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करते रहते थे। ब्रिगेडियर रविदत्त 7 जुलाई को भारतीय दूतावास की सुरक्षा की नियमित जांच कर रहे थे। उसी दौरान एक आत्मघाती हमलावर द्वारा संचालित वाहन ने भारतीय दूतावास के दरवाजे के पास उनकी कार को टक्कर मार दी।

इससे रविदत्त वीरगति को प्राप्त हो गए। ब्रिगेडियर रविदत्त ने कड़ी सुरक्षा के इंतजाम करते हुए दूतावास में कार्यरत अनेक लोगों की जान बचा ली। उन्होंने अपनी जान की बाज़ी लगाकर आईएसआई के मंसूबों को विफल किया। ब्रिगेडियर रविदत्त मेहता को उनके साहस, कर्तव्य के लिए समर्पण, शौर्य और बलिदान के लिए 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'हमास नेता याह्या सिनवार की मौत निर्णायक क्षण है'

कैनबरा/दक्षिण भारत । हमास नेता याह्या सिनवार की मौत निस्संदेह हमास के खिलाफ इजराइल के एक साल से चले आ रहे युद्ध में एक निर्णायक क्षण है। वह दक्षिणी इजराइल में 7 अक्टूबर 2023 को हुए भीषण हमले के प्रमुख षड्यंत्रकारियों में से एक था।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सिनवार की हत्या, जो लंबे समय से इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) का एक प्रमुख उद्देश्य था, युद्ध के ''अंत की शुरुआत'' का संकेत देगी। लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है। वास्तव में, पूर्व रक्षा मंत्री और युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गेंट्ज़ ने कहा कि आईडीएफ गाजा में ''आने वाले वर्षों तक'' काम करना जारी रखेगा।

सिनवार की मौत ने युद्ध के कम से कम एक पहलू को बदल दिया है। वह फलस्तीनियों के लिए एक प्रतिष्ठित व्यक्ति था, चाहे वह अच्छा हो या बुरा। उसे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा गया, जो लड़ाई को इज़राइल तक ले जा रहा था। सिनवार के अभी तक जीवित रहने तथा हमास द्वारा गाजा में इजराइल पर पलटवार से समूह की लोकप्रियता वास्तव में बढ़ रही थी।

मई के अंत में हुए जनमत सर्वेक्षण से पता चला कि कब्जे वाले क्षेत्रों में फलस्तीनियों के बीच हमास के लिए समर्थन 40 प्रतिशत तक पहुंच गया था, जिसमें तीन महीने पहले की तुलना में छह अंकों की वृद्धि हुई। वेस्ट बैंक पर नियंत्रण रखने वाले फलस्तीनी प्राधिकरण को समर्थन लगभग आधा था।

सिनवार की मौत से हमास का चेहरा बदल गया है। अगर हमास उसकी जगह उसके जैसे मजबूत नेता को लाने में असमर्थ रहता है, तो यह एक निर्णायक मोड़ हो सकता है। जिन नामों पर चर्चा हो रही है, उनमें से एक नाम खालिद मशाल का है, जो हमास के राजनीतिक कार्यालय का पूर्व प्रमुख है और अभी भी संगठन में प्रभावशाली है। यह क्षण हमास के नए नेता के लिए इजराइल के साथ युद्धविराम की मांग करने और गाजा के लोगों के भयावह हालात को खत्म करने का अवसर प्रदान करता है। लेकिन अभी भी यह सवाल बना हुआ है कि क्या सिनवार की मौत से इजराइल के युद्ध के उद्देश्य पूरे होंगे। मुख्य मुद्दा यह है कि नेतन्याहू के युद्ध लक्ष्य अभी तक पूरे नहीं हुए हैं: हमास को एक लड़ाकू शक्ति और इजराइल के लिए खतरे के रूप में खत्म करना, लगभग 100 इजराइली बंधकों को मुक्त कराना, जो अभी भी गाजा में बंधक हैं, जिनमें से आधे से अधिक अब मर चुके हैं। यद्यपि, सिनवार का मारा जाना गाजा में इजराइली सेना के खिलाफ युद्ध जारी रखने की हमास की क्षमता को सीमित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, फिर भी इजराइली सैनिकों को वहां कुछ बहुत बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इजराइली सेना के साथ मौजूद रहने वाले इजराइली पत्रकारों ने यह मुद्दा उठाया है कि हमास के आतंकवादी उन क्षेत्रों में वापस लौट रहे हैं, जहां से आईडीएफ ने उन्हें खदेड़ दिया था, और इसका एक कारण समूह का व्यापक सुरंग नेटवर्क भी है।

नेतन्याहू के लिए एक और मुद्दा यह है कि उनके मंत्रिमंडल के दक्षिणपंथी सदस्यों ने धमकी दी है कि यदि वह हमास को लड़ाकू शक्ति के रूप में नष्ट करने से पहले युद्धविराम पर सहमत होते हैं तो वे उनकी गठबंधन सरकार से इस्तीफा दे देंगे।

स्वागत



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शनिवार को भोपाल पहुंचने पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करते हुए।



# सनी देओल की फिल्म 'जाट' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म जाट से उनका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। सनी देओल ने अपनी अगली फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। सन्नी देओल के जन्मदिन के अवसर पर अस्थाई शीर्षक 'एसडीजीएम' के नाम से चर्चा बटोरने वाली इस फिल्म का शीर्षक जारी हो गया है। साथ ही सन्नी देओल का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज हो गया है। 'एसडीजीएम' नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'जाट' है।पोस्टर में सनी हाथ में एक बड़ा सेलिंग फैन लिए दिखाई दे रहे हैं।

सोशल मीडिया पर, 'एसडीजीएम' के निर्माताओं ने सन्नी देओल के लिए जन्मदिन पोस्ट साझा किया। मैत्री मूवी मेकर्स ने सन्नी देओल पोस्टर के साथ कैप्शन मे लिखा, 'मास एक्शन के लिए नेशनल परमिट मैन पेश है, सनी देओल जाट, हैप्पी बर्थडे एक्शन सुपरस्टार, मास फीस्ट लॉडिंग।मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बन रही फिल्म जाट में सन्नी देओल के अलावा रणदीप हुडा, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा की भी अहम भूमिका है।

# जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय पर बम से हमला, संदिग्ध गिरफ्तार

**टोक्यो/एपी**

जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को एक व्यक्ति ने कई बम फेंके और प्रधानमंत्री आवास की दीवार में अपनी कार से टक्कर मार दी। टोक्यो पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर की पहचान 49 वर्षीय अत्सुनोबु उसुदा के रूप में की गई है और उसे सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हालांकि स्पष्ट किया कि बाद में उस पर अतिरिक्त आरोप भी जोड़े जा सकते हैं। हमले का मकसद तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन जापानी मीडिया की खबरों के मुताबिक सोशल मीडिया पर उसुदा की एक कथित पोस्ट है जिसमें वह जापानी कानून के तहत चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक धनराशि के बारे में शिकायत कर रहे हैं, जिससे संकेत मिलता है कि उसुदा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं। मीडिया ने अज्ञात स्रोतों के हवाले से बताया कि उसुदा ने परमाणु संयंत्रों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। उसुदा की इस संबंध में तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

सत्तारूढ़ 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' संदिग्ध वित्तपोषण और कर चोरी से जुड़े घोटाले के कारण आमजन के बीच तेजी से लोकप्रियता खोती जा रही है। हमले के संबंध में पार्टी ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। देश की संसद के निचले सदन के लिए मतदान 27 अक्टूबर को होगा। कुछ दागी नेताओं से सत्तारूढ़ पार्टी ने आधिकारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है लेकिन वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने हाल ही में नया नेता, प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा को चुना है, ताकि एक नई छवि पेश की जा सके। लेकिन सर्वेक्षणों से पता चलता है कि उसकी लोकप्रियता में गिरावट आ रही है। यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि वे आगामी चुनाव में निचले सदन में अपना बहुमत खो देंगे या नहीं, क्योंकि विपक्ष बिखरा हुआ है।

# 'भारत में युवतियों के बीच बढ़ रहे हैं स्तन कैंसर के मामले'

नई दिल्ली/भाषा। विशेषज्ञों के मुताबिक अबतक स्तन कैंसर को वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारी माना जाता था लेकिन गत तीन दशक में स्थिति बदली है और 50 साल के कम उम्र की महिलाओं में भी यह बीमारी तेजी से बढ़ रही है।

स्तन कैंसर भारत सहित दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाला सबसे आम कैंसर का प्रकार है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के हालिया आंकड़ों के मुताबिक महिलाओं में होने वाले कैंसर में स्तन कैंसर का हिस्सा 28.2 प्रतिशत है। सोनाली बेंद्रे, ताहिरा कश्यप और महिमा चौधरी कुछ चर्चित हस्तियां हैं जिन्हें 50 साल की कम उम्र में कैंसर हुआ और वे इलाज के बाद इस बीमारी को हराने में सफल रहीं। यूनिक हॉस्पिटल कैंसर सेंटर में कैंसर रोग विभाग के प्रमुख डॉ. आशीष गुप्ता, ने कहा, ''कैंसर अब केवल वृद्धों की बीमारी नहीं रह गई है। यह युवा आयु वर्ग की महिलाओं में तेजी से बढ़ रहा है, खासकर 50 वर्ष से कम आयु की महिलाओं में।'' वह भारत में कैंसर मुक्त भारत अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर की शुरुआज जल्दी होना मुख्य रूप से जीन, जीवनशैली संबंधी कारकों जैसे खराब पोषण, अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन और पूरी तरह से शारीरिक गतिविधियों से दूरी वाली जीवनशैली तथा पर्यावरण प्रदूषण के कारण होता है।

डुबकी



अमृतसर में शनिवार को अमृतसर में गुरु रामदास की 490वीं जयंती के अवसर पर स्वर्ण मंदिर में पवित्र सरोवर में डुबकी लगाते श्रद्धालु।



# फिल्म 'मातृ देवो भवः' की शूटिंग पूरी

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा की जानी–मानी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और अभिनेता डॉ. महेश कुमार की फिल्म मातृ देवो भवः की शूटिंग पूरी हो गयी है। उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले के अकबरपुर टांडा और बरियावन क्षेत्र में फिल्म मातृ देवो भवः की पूरी शूटिंग हुई है।फिल्म मातृ देवो भवः एक पति–पत्नी के असीम प्रेम त्याग और बलिदान के साथ अपने परिवार के लिए मर–मिटने की कहानी पर आधारित बहुत ही संवेदनात्मक प्रस्तुति है। भोजपुरी फिल्म मातृ देवो भव में आम्रपाली दुबे के साथ डॉक्टर महेश कुमार, अनूप अरोरा मनोज टाइगर, देव सिंह, बबलू खान, संजय पांडे, हीरा यादव, रंभा साहनी, स्वीटी सिंह राजपूत, वहीं बाल कलाकार के रूप में आरव वर्मा, सायेशा नाटेकर और अगस्त्य हैं। फिल्म मातृ देवो भवः के निर्माता–निर्देशक मछिंद्र चाटे हैं। देवयानी मूवीज़ के बैनर तले बनीं फ़िल्म मातृ देवो भवः की कहानी सभा वर्मा की है जिसके कैमरामैन फिरोज खान है। फिल्म का प्रोडक्शन सागर शेलखे देख रहे हैं। वहीं फ़िल्म को संगीत से साजन मिश्रा ने सजाया है। फाइट मास्टर हीरा यादव, नृत्य निर्देशक आकाश शेट्टी हैं।



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचते ही फोटो खिंचवाती हुई।

# महेश भट्ट और विक्रम भट्ट बना रहे हैं फिल्म 'तू मेरी पूरी कहानी'

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट और विक्रम भट्ट फिल्म 'तू मेरी पूरी कहानी' बनाने जा रहे हैं। फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट ने घोषणा की है कि 'आशिकी' की तीसरी किस्त 'तुम मेरी पूरी कहानी' नाम से बनायी जा रही है। विक्रम भट्ट ने इंस्टाग्राम पर सेट से पर्दे के पीछे की कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसमें महेश भट्ट को टीम के साथ काम करते देखा जा सकता है। विक्रम भट्ट ने बताया कि जहां कई लोग 'आशिकी' शीर्षक को लेकर संघर्ष में उलझे हुए हैं, वहीं महेश भट्ट एक नई कहानी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जिन्होंने मूल रूप से नई प्रतिभा और यादगार संगीत पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'आशिकी'



मॉडल तैयार किया था। विक्रम भट्ट ने फिल्म के पूरे निर्माण में उनके समर्थन के लिए महेश भट्ट का आभार व्यक्त किया। वीडियो साझा करते हुए विक्रम भट्ट ने लिखा, 'यह विडंबना है कि जब मेरे बॉस (महेश भट्ट) ने फिल्म बनाई और दावा करने की जरूरत भी नहीं समझी तो पार्टियों को आशिकी शीर्षक पर लड़ना पड़ा। फिर मैंने उनसे कहा, फिल्म दीवार के संवाद की तरह, 'मेरे पास भट्ट साहब हैं।'जब मेरे पास इसे रचनात्मक रूप से तैयार करने वाला है तो किसी शीर्षक की आवश्यकता नहीं है। चलो इसे फिर से करते हैं। एक नया लड़का– नई लड़की की प्रेम कहानी, बेहतरीन संगीत के साथ। बॉस ने कुछ देर सोचा और फिर कहा, 'मेरे पास एक कहानी है। सुहृता इसे निर्देशित करेंगी।' तू मेरी पूरी कहानी का जन्म हुआ। फिर अजय मुर्डिया आए और उन्होंने हमारे सपने को समझा और इसे हकीकत बना दिया। यह है महेश भट्ट और उनका गुस्सा , जो किसी और की तरह लोगों को परेशान कर रहा है।' इससे पहले अजय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म के बारे में एक अपडेट साझा किया था। उन्होंने बताया था, 'हमारी अगली फिल्म फ्लोर पर है। 'तू मेरी पूरी कहानी' में अरहान पटेल और हिरण्य ओझा हैं।



# 'भूल भुलैया 3' में 'मंजुलिका' बनीं माधुरी दीक्षित

**मुंबई/एजेन्सी**

अनीस बज्मी की हॉरर–कॉमेडी 'भूल भुलैया 3' साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माता सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा कर रहे हैं। इस बीच विद्या बालन ने माधुरी दीक्षित के साथ धमाकेदार मुकाबले की एक रोमांचक क्लिप जारी की है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कई टीजर और ट्रेलर जारी करने के बाद शुक्रवार को टी–सीरीज ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया टीजर जारी किया, जिस पर लिखा है 'इस दिवाली, रूह बाबा बनाम मंजुलिका देखने के लिए तैयार हो जाइए! 'भूल भुलैया–3' का ट्रेलर आउट।' वीडियो की शुरुआत कार्तिक आर्यन की कमेंट्री से होती है, जिसमें वो कहते हैं कि केवल मूर्ख ही भूतों से डरते हैं। उसी समय माधुरी दीक्षित मंजुलिका के रूप में चिल्लाती सामने आती हैं और कहती हैं 'आप तो डर गए'। इसके बाद कार्तिक का किरदार रूह बाबा विद्या से कहता है 'मंजू, मैं तुम्हारे लिए आ रहा हूं'।

इस बीच कार्तिक और विद्या लोकप्रिय गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' पर फिल्म का प्रचार करते नजर आएंगे। उनका एपिसोड आज (शुक्रवार) प्रसारित होगा। एपिसोड के कई प्रोमो पहले ही जारी किए जा चुके हैं, जिसे लेकर प्रशंसक उत्साहित हैं और बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अनीस बज्मी की आगामी फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, संजय मिश्रा, तृप्ति डिमरी और राजपाल यादव, संजय मिश्रा समेत अन्य कलाकार अहम रोल में हैं। फिल्म का ट्रेलर 17 अक्टूबर को जयपुर में लॉन्च किया गया था। यह भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है।

# अमिताभ बच्चन को मीना कुमारी संग काम न करने का मलाल

**मुंबई/एजेन्सी**

सालों बाद केबीसी 16 के मंच से अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया कि उन्हें एक मलाल रह गया है। वो उनकी फिल्मी करियर से जुड़ा हुआ है। बिग बी ने ये बातें बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया का प्रमोशन करने आई टीम से कही। कुछ राज खोले जिसमें पसंदीदा एक्टर और जिंदगी के 'मलाल' की बात थी। कार्तिक आर्यन और विद्या बालन बिग बी के अहम पलों को सुन हैरान रह गए। अमिताभ ने वहीदा रहमान को अपनी पसंदीदा एक्टर बताया और मीना कुमारी संग काम न कर पाने पर अफसोस जाहिर किया। बातचीत में बिग बी ने कई किस्से सुनाए। अमिताभ के किस्सों को सुनकर विद्या बालन दंग रह गईं और उन्होंने अपनी इच्छा जाहिर कर कहा 'मुझे उस युग




में आपकी हीरोइन बनना अच्छा लगेगा।' बातों को सुनकर कार्तिक आर्यन ने कहा 'सर, मुझे भी आपकी हीरोइन बनना अच्छा लगेगा! (हंसते हुए)।' 'भूल भुलैया 3' का यह एपिसोड आज (18 अक्टूबर) सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने बताया कि उनकी पसंदीदा अभिनेत्री वहीदा रहमान हैं। वहीदा रहमान के बारे में बात करते हुए मेगास्टार ने बताया कि कैसे 'प्यासा' के गाने के शॉट ने उनकी प्रतिभा को बाहर लाने का काम किया। बिग बी ने फिल्म 'प्यासा' में अभिनेत्री वहीदा रहमान के क्लोज–अप को भी याद किया, उन्होंने बताया कि उस सीन ने उन्हें काफी हद तक प्रभावित किया। बिग बी ने कहा 'यह कितना खूबसूरत शॉट था, उस क्लोज–अप शॉट को पूरा करने में दो या तीन टेक लगे। इन दिनों यह सब बहुत जल्दी हो जाता है, लेकिन तब ऐसा कभी नहीं होता था।' विद्या बालन और कार्तिक आर्यन के साथ बातचीत के दौरान अमिताभ ने 1962 की कल्ट फिल्म 'साहिब बीबी और गुलाम' पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे मीना कुमारी जी के साथ काम करने का कभी मौका नहीं मिला और इस बात का मुझे मलाल है।' 'साहिब बीवी और गुलाम' में एक गाना है – 'ना जाओ सैयां' जिसमें उन्होंने इतना शानदार काम किया कि मैं उन्हें देखता रह गया।'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
/dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के पैलेस ग्राउंड के त्रिपुरावासिनी सभागार में हीरा, स्वर्ण व चांदी के आभूषणों की चार दिवसीय सबसे बड़ी प्रदर्शनी 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया' में राजाजीनगर के श्री गणेश डायमंड्स एंड ज्वेलरी ने अपना अस्थाई स्टॉल लगाया है जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## भजन प्रस्तुति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कस्तूरबा गांधी नेशनल मेमोरियल ट्रस्ट एवं भारतीय गौ परिवार चेरिटेबल ट्रस्ट अरसीकेरे द्वारा आयोजित श्री गौ माताय जागरण महोत्सव कार्यक्रम में भजन कलाकार ओम मुंडेल एवं सुरेश पारीक ने देर रात तक भजनों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने भारतीय गौ परिवार के गौ सेवा कार्यों की सराहना करते हुए गो भक्तों से गौ सेवा में जुड़ने का आह्वान किया। आयोजकों ने अतिथि एवं कलाकारों को सम्मानित किया।



# मन और जीवन को पावन करता है मंत्रजाप : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मैसूरु। स्थानीय नजरबाद स्थित बुद्धि वीर वाटिका में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि तीन या तीन से अधिक स्वरों और व्यंजनों के जोड़ से बीजमंत्र का निर्माण होता है। ये बीजमंत्र किसी भी मंत्र के साथ जुड़कर उसे प्रभावशाली बना देते हैं। ध्वनि विज्ञान के ये अद्भुत आविष्कार हैं। शरीर के सप्तचक्रों को ये प्रभावित और क्रियांवित करते हैं। ॐ, ह्रीं, श्रीं, क्लीं, ऐं आदि अनेक अनूठे बीजमंत्र हैं, जो जैन और वैदिक परंपरा की मंत्र साधनाओं के प्राणतत्व हैं। वैदिक परंपरा ॐ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर का प्रतिष्ठा करती हैं, जबकि जैन परंपरा इसे पंच परमेष्ठी और चौबीस तीर्थंकरों का निवास मानती हैं। मंत्रजाप आराध्य का शुद्ध भावों से रटन हैं, आराधना हैं, ध्यान हैं। परमात्म तत्व के साथ एकाकार होने का पुरुषार्थ है। मंत्रजाप से मन और जीवन पावन बनता है। भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मंत्रजाप से मनुष्य का आभामंडल बदल जाता है। आध्यात्मिक उन्नति का यह श्रेष्ठ मार्ग है।

जैनाचार्य ने कहा कि वैदिक और जैन परंपरा में विद्याओं, मंत्र साधनाओं और यंत्रों का इतिहास बहुत पुराना है। विपुल मात्रा में आज भी प्राचीन मंत्रसाहित्य सुरक्षित है। दोनों परंपराएं हजारों-लाखों साधकों से आज भी समृद्ध है। आधुनिक युग में मनोविज्ञान, गर्भ प्रशिक्षण, बाल संस्करण, स्वभाव परिवर्तन, हिप्नोटिजम आदि क्षेत्रों में काफी काम हो रहा है, लेकिन मंत्रों की शक्ति और साधनाओं के संदर्भ में विज्ञान की शोधखोल अभी बाकी है। मंत्र साधनाएं सात्विक आहार, पवित्र मन, शुद्ध भावनिष्ठा और सदाचार के सत्व पर सफल बनती हैं। योगियों और साधकों के परिवेश में कुछ बिताकर हर मनुष्य को साधना की दिव्य अनुभूतियों का आस्वादन करना चाहिये। ऐसा करना जीवन के सुख, सौभाग्य और शांति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

गणि पद्मविमलसागरजी ने कहा कि मंत्र या साधनाओं से तत्काल सिद्धि नहीं मिल जाती। उसके लिए निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। इस संबंध में संत कबीर के दोहे का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि करत करत अभ्यास, जड़मति होत सुजान। रसरी आवत जात है, पत्थर भयत निशान। बार बार अभ्यास करने से बुद्धि की जड़ता दूर होती है, सद्बुद्धि का विकास होता है। जैसे बार बार रस्सी के भीतर जाने और बाहर आने से कुएं की पाल पर भी निशान पड़ जाते हैं। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि वर्षावास में पचास दिन तक बालक-बालिकाओं द्वारा की गई विविध आराधनाओं के उपलक्ष्य में शुक्रवार रात को बुद्धि वीर वाटिका में गिफ्ट मॉल का आकर्षक आयोजन किया गया जिसका सैकड़ों बालक-बालिकाओं और उनके अभिभावकों ने लाभ उठाया।








# 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया' प्रदर्शनी में राजाजीनगर श्री गणेश डायमंड्स एंड ज्वेलरी स्टाल पर उमड़े ग्राहक

## तेजमल जैन ने गर्मजोशी से किया ग्राहकों का स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के पैलेस ग्राउंड के त्रिपुरावासिनी सभागार में हीरा, स्वर्ण व चांदी के आभूषणों की चार दिवसीय सबसे बड़ी प्रदर्शनी 'ज्वेल्स ऑफ इंडिया' में राजाजीनगर के श्री गणेश डायमंड्स एंड ज्वेलरी ने अपना अस्थाई स्टॉल लगाया है जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। श्री गणेश डायमंड्स एंड ज्वेलरी ने इस प्रदर्शनी में उत्सव सीजन को ध्यान में रखते हुए अपने सबसे अच्छे आभूषणों का प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनी में श्री गणेश के स्टॉल पर पहले दिन से ही ग्राहकों की अच्छी भीड़ देखी गई है। श्री गणेश डायमंड्स एंड ज्वेलरी के प्रमुख तेजमल जैन ने बताया कि प्रतिष्ठान ने बहुत ही सुव्यवस्थित ढंग से व बड़े से स्टॉल पर अपने आभूषणों को इस तरह प्रदर्शन किया है ताकि ग्राहकों को आभूषणों को देखने व पसंद करने में सहुलियत हो। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में आभूषण बुकिंग के साथ बिक्री भी की जा रही है। 'श्री गणेश' ने अपने स्टॉल में गत वर्षों में आयोजित हुईं विभिन्न ज्वेल्स ऑफ इंडिया की प्रदर्शनिय ों में उनके स्टॉल पर आए सेलेब्रेटियों की फोटो लगवाई है जो कि बहुत ही रचनात्मक लग रही है। शनिवार को श्री गणेश के मालिक तेजमल जैन व उनके परिवारजनों ने प्रदर्शनी के आयोजकों का भी सम्मान किया।

# 'एक्सीलेंस इन सिनेमा' अवार्ड से सम्मानित हुईं शबाना आजमी

मुंबई/एजेन्सी। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आज़मी को मामी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 'एक्सीलेंस इन सिनेमा' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मामी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 में शबाना आज़मी को 'एक्सीलेंस इन सिनेमा' सम्मानित किया गया, जो इंडस्ट्री में उनके 50 साल पूरे होने पर उन्हें ट्रिब्यूट है। शबाना आजमी को यह पुरस्कार दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान ने दिया।शबाना आज़मी की शानदार यात्रा, जो फिल्मकार श्याम बेनेगल की वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म अंकुर से शुरू हुई। शबाना आजमी ने पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों सहित अनगिनत पुरस्कार जीते हैं।

फिल्मों में उल्लेखनीय योगदान को लेकर शबाना आजमी वर्ष 2006 में पद्मश्री और वर्ष 2012 में पद्मभूषण पुरस्कार से भी सम्मानित की गयीं है।



# 'जीवन का सच्चा सुख संयम में है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में धर्मसभा को धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने अंजना सती चारित्र का वाचन करते हुए कहा कि संसार असार है। जहाँ, सुख अंजुलि में भरे हुए जल के समान है। जहाँ क्षण में हमारी आयु की डोर छोटी होती जा रही हैं वहीं दृश्यमान जगत में दिखने वाले सभी सुख, वैभव काम, भौतिक विलास, भोगों के साधन जीवात्मा को क्षणिक सुख प्रदान करने वाले हैं और फिर इस चर्दैगति रूप संसार, महासागर में भटकाने डूबोने और अनन्त संसार को बढ़ाने वाले है। वाले अतः यह सब जान - समझ चिंतन कर जो भव्य जीव संसार के तुच्छ क्षणिक सुखों में ज्यादा मोह - आसवत न बनकर अपने जीवन में कुछना कुछ रूप में अपने जीवन में आगे की यात्रा के लिए अपने साथ में धर्म- सुकृत- दान-पुण्यवानी पाथेय साथ में लेकर चलता है।

प्रारंभ में साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने उत्तराध्ययन सूत्र श्रुत आराधना में शनिवार को चौदहवें दिवस पर 19 वें मृगापुत्र के प्रेरक बोधप्रद अध्ययन पर सारगर्भित विवेचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस सूत्र में वर्णित प्रत्येक अध्ययन ज्ञान, रत्न की मंजूषा से आप्लावित हैं। हर सूत्र नई प्रेरणा, नव ऊर्जा, नया दर्शन और मानव के जीवन को एक नई दिशा का पावन प्रेरक बोध प्रदान करता है जिसको पढ़कर सुनकर भी हमारे महान कर्मो की निर्जरा होती है।

उन्होनें प्रस्तुत मृगापुत्र और उनके माता-पिता के मध्य हुए प्रेरक वैराग्य रस से ओत-प्रोत संवाद पर रोशनी डालते हुए कहा कि मृगापुत्र को एक तपस्वी श्रमण को देखकर सहसा अपने चिन्तन को नई दिशा देते हुए उन्हें सहसा ही अपने पूर्वजन्म की स्मृतिया जातिस्मरण ज्ञान को प्राप्त करते हुए ताजा हो उठती है। जहाँ माता-पिता उन्हें संसार में रुकने के लिए विभिन्न मोह, राग,आसक्ति, भोगों के प्रलोभनों से मनाने के प्रयास करते हैं वहीं तिर्यंच, मनुष्य एवं नारकीय वेदनाओं को भोगे जाने का बोध ज्ञान होने पर मृगापुत्र अपने माता-पिता को भी मानवजीवन की प्राप्ति का प्रमुख उद्देश्य बताते हैं। हनुमंतनगर संघमंत्री सुरेश कुमार धोका ने धर्मसमा का संचालन करते हुए रविवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र, दंत व मधुमेह परीक्षण शिविर की जानकारी दी।

# द्वीपों पर पाई जाने वाली पौधों की प्रजातियों का अस्तित्व खतरे में

सिडनी। द्वीप लंबे समय से अन्वेषणकर्ताओं और वैज्ञानिकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे हैं। अलग-थलग दिखने वाले ये क्षेत्र यह समझने के लिए प्राकृतिक प्रयोगशालाओं के रूप में काम करते हैं कि प्रजातियां कैसे विकसित और अनुकूलित होती हैं। द्वीप भी प्रजातियों की विविधता के केंद्र हैं। लंबे समय से यह अनुमान लगाया जाता रहा है कि द्वीप वैश्विक जैव विविधता के लिए अनुकूल होते हैं, लेकिन ये किस हद तक अनुकूल होते हैं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। 'नेचर टुडे' में प्रकाशित दुनिया के पहले अनुसंधान में, मेरे सहकर्मियों और मैंने पृथ्वी के द्वीपों पर पौधों की विविधता का अध्ययन और मानचित्रण किया। हमने पाया कि दुनिया में पौधों की कुल प्रजातियों में से 21 प्रतिशत प्रजातियां द्वीपों में पाई जाती हैं, जिसका अर्थ है कि वे ग्रह पर कहीं और नहीं पाई जातीं।

ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण हैं। द्वीपीय पौधों के विलुप्त होने का खतरा मुख्य भूमि के पौधों की तुलना में अधिक है। पौधों की प्रजातियों और उनके उगने के स्थान के बारे में विस्तृत जानकारी उनकी निगरानी व संरक्षण के लिए आवश्यक है। इस अध्ययन में वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम शामिल थी। हमने दुनिया भर में लगभग 2,000 द्वीपों समेत 3,400 से अधिक भौगोलिक क्षेत्रों से वनस्पति से जुड़ी जानकारियों का एक अभूतपूर्व डेटाबेस तैयार किया।

## मेहंदी



पटना में शनिवार को करवा चौथ के त्यौहार की पूर्व संध्या पर महिलाएं अपने हाथों पर मेहंदी लगवाती हुईं।

# शी ने रॉकेट फोर्स का किया निरीक्षण

बीजिंग/भाषा। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सेना के सामरिक मिसाइल बल की एक ब्रिगेड का निरीक्षण किया है, जिसमें भ्रष्टाचार को लेकर हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर अधिकारियों की छंटनी की गई थी। मीडिया में शनिवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, शी ने बृहस्पतिवार को हेफेई में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के रॉकेट फोर्स का दौरा किया, जो परमाणु हथियारों सहित मिसाइलों का संचालन करने वाली सेना की एक प्रमुख इकाई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने सामरिक मिसाइल सैनिकों से अपनी प्रतिरोधक क्षमता और लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने तथा चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) और जनता द्वारा सौंपे गए कार्यों को दृढ़ता से पूरा करने का आग्रह किया। रॉकेट फोर्स को 2015 में शी द्वारा सैन्य पुनर्गठन के तहत स्थापित किया गया था। यह सेना में चलाए जा रहे भ्रष्टाचार रोधी अभियान के केंद्र में रही है।

सत्तारूढ़ सीपीसी का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति पद पर आसीन शी (71) चीनी सेना के समग्र उच्च कमान, केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के भी प्रमुख हैं।

लंबी और छोटी दूरी की मिसाइलों का संचालन करने वाली रॉकेट फोर्स का उनका दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाल के वर्षों में इस प्रमुख सैन्य इकाई में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया गया है।

पूर्व रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू सहित इसके कई अधिकारियों को कथित भ्रष्टाचार के कारण बर्खास्त कर दिया गया था।

जनरल ली शांगफू, रक्षा मंत्री के रूप में पदोन्नत किये जाने से पहले रॉकेट फोर्स के प्रमुख थे। उन्हें बाद में बर्खास्त कर दिया गया था।

उनके उत्तराधिकारी जनरल ली युचाओ, जिन्होंने 2022 में इसके कमांडर की भूमिका संभाली, को भी भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद पद से हटा दिया गया था। इस साल जुलाई में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने रॉकेट फोर्स के प्रमुख जनरल सन जिनमिंग के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी जांच की घोषणा की थी।

# ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी ने चीन से रूस की सेना का समर्थन न करने का आग्रह किया

बीजिंग/एपी

ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने चीन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को दिए जा रहे समर्थन पर शुक्रवार को चिंता जताई और अपने चीनी समकक्ष से आग्रह किया कि वह अपने देश की कंपनियों को रूसी सेना को उपकरणों की आपूर्ति करने से रोकें। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डैविड लैमी ने बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ शुक्रवार को बैठक की थी। डेविड लैमी ब्रिटेन में जुलाई में 'लेबर पार्टी' के सत्ता में आने के बाद चीन की यात्रा करने वाले पहले कैबिनेट मंत्री हैं। उन्होंने चीन के उप प्रधानमंत्री डिंग श्वेशियांग से शुक्रवार को मुलाकात की तथा उसी दिन बाद में विदेश मंत्री वांग यी से भी बातचीत की।

ब्रिटेन के विदेश मंत्री बीजिंग के साथ संबंधों को सुधारने के प्रयासों के तहत चीन की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। दरअसल, जासूसी के आरोपों, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का समर्थन करने और हांगकांग में आम नागरिकों की स्वतंत्रता का दमन के मुद्दे पर दोनों देशों के संबंधों में खटास पैदा हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिटेन की सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि चीन के साथ संबंध ''व्यावहारिक और आवश्यक'' हैं। उन्होंने बताया कि लैमी ने हांगकांग एवं चीन के सुदूर-पश्चिमी शिनजियांग प्रांत में मानवाधिकार संबंधी चिंताओं और रूस सहित जटिल मुद्दों को उठाया।

# अणुव्रत समिति की बेंगलूरु टीम ने जीते अनेक अवार्ड

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में अणुव्रत क्रिएटिविटी कांटेस्ट, 2024 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेंगलूरु टीम को गायन प्रतियोगिता एवं कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

समिति के संयोजक शांतिलाल पोरवाल ने बताया कि मुनिश्री मोहजीतकुमारजी के सान्निध्य में चिकमगलूरु में आयोजित कर्नाटक राज्य स्तरीय चित्रकला, संगीत, कविता लेखनी, गायन, निबंध लेखन प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा आयोजन हुआ।

गायन प्रतियोगिता में अणुषिका भुतेडिया व कविता लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान घोषल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सहसंयोजिका सुमित्रा बरडिया, राष्ट्रीय संयोजक राजेश चावत सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष देवराज रायसोनी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।



Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.)
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com